सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 273

12 शहनाज ने पलक तिवारी के बयान को बताया झूठा

17 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:13 बजे
18 अप्रैल का सेहरी भोर 4:06 बजे


Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## न्यूज डायरी

### खूंटी एसडीओ को हाइवा से कुचलने का प्रयास

खूंटी। एसडीओ अनिकेत सचान को बालू माफिया ने सोमवार को हाइवा से कुचलने का प्रयास किया। जिसमें वे बाल-बाल बच गये। एसडीओ अवैध माइनिंग को लेकर जिले में लगातार कार्रवाई कर रही है।

### पटना में बालू माफिया ने खनन इंस्पेक्टर को पीटा

पटना। बिहार में पुलिस प्रशासन का इकबाल खत्म और माफियाओं का इकबाल बुलंद है। बालू माफिया के सामने सरकारी अमलों की एक नहीं चलती। खनन विभाग की महिला इंस्पेक्टर की सोमवार को जमकर पिटाई कर दी। गाड़ी को रोकने का प्रयास किया, तो सरकारी अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

### पलामू में एक अधिकारी समेत तीन संक्रमित मिले

मेदिनीनगर। पलामू जिले में कोरोना संक्रमित मिलने के बाद विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में एक अधिकारी सहित तीन कोरोना पॉजीटिव मरीज पाये गये हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वजू को लेकर करें बैठक

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के जिलाधिकारी को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुसलमानों के लिए वजू की सुविधा प्रदान करने के मुद्दे पर मंगलवार को बैठक करने का निर्देश दिया।

### सिसोदिया को राहत नहीं न्यायिक हिरासत बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआइ ने न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद सोमवार दोपहर दो बजे राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष सीबीआई जज एमके नागपाल के कोर्ट में पेश किया।

### सीएम से मिले झाप्रसे संघ के अध्यक्ष-महासचिव

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने सोमवार को मुलाकात की। दोनों ने संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा।

### रांची-पटना मार्ग पर हादसे में दो की मौत

रामगढ़। रांची-पटना मुख्य मार्ग फोरलेन स्थित मुरपा में सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर को सवारियों से भरी यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन गंभीर हैं।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## वर्ल्ड होम्योपैथी डे पुरानी स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती जरूरी : हेमंत सोरेन

# जिससे जनता को लाभ हो, उसे प्राथमिकता देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में होम्योपैथ व्यवस्था काफी कारगर और महत्वपूर्ण है। प्राचीन स्वास्थ्य व्यवस्था पद्धति को और मजबूती प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां आज से कुछ महीनों पहले आयुष चिकित्सकों की संख्या एक सौ से कम थी। आज उनकी संख्या बढ़कर एक हजार से ज्यादा हो गयी है। पहले आयुष प्रक्षेत्र के लिए बजट मात्र 20 से 30 करोड़ रुपये हुआ करता था, वहीं हमारी सरकार ने आयुष प्रक्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने के लिए अब 300 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। सीएम आज आज मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयुष निदेशालय द्वारा वर्ल्ड होम्योपैथी डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने आयुष प्रक्षेत्र के डॉ रामजी सिंह, डॉ फजलुस समी, डॉ एम कुमार, डॉ रामजी यादव, डॉ सोमनाथ देव एवं डॉ राजीव रंजन सिंहा सम्मानित किया।

### जनहित के कार्यों को दी जा रही है प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि जिन कार्यों से आम जनता को फायदा पहुंचे वे कार्य प्राथमिकता के तौर पर किये जायें। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत संरचना ये सभी ऐसे सेक्टर हैं जहां पर काम सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। मौके पर विकास आयुक्त-सह- अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, निदेशक आयुष डॉ फजलुस समी, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम जी सिंह, होम्योपैथ प्रक्षेत्र के डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, डॉ रजत द्विवेदी, डॉ आरपी सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।




**एडवांस प्लानिंग का स्टेट बना झारखंड :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। राज्य से एनीमिया जैसी बीमारी के संकट को दूर करने का काम प्रतिबद्धता के साथ जारी है। अब झारखंड एडवांस प्लानिंग का स्टेट बन गया है। हमारी सरकार एडवांस प्लानिंग के साथ कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में हम सब लोग मिलकर इस राज्य को उन्नत स्वस्थ एवं समृद्ध बनायेंगे।

### स्वस्थ-समृद्ध झारखंड मिलजुल कर बनाना है

सीएम ने चिकित्सकों को राज्य सरकार का अभिन्न अंग बताया और कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे सुदृढ़ की जा सके इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने में हमारे आयुष चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। हम सभी को इसे मिलजुल कर पूरा करना है। सीएम ने कहा आयुष आंगनबाड़ी होम्योपैथिक किट वितरण की शुरुआत आज हो रही है। राज्य में पीडीएस होल्डर एवं पेंशनधारियों तक भी आयुष दवाइयों की पहुंच बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाये। एनीमिया बीमारी को लेकर सरकार चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस भौतिकवादी युग में सिर्फ आगे की नहीं देखना चाहिए बल्कि प्राचीन व्यवस्थाओं को भी देखने की कोशिश करनी चाहिए।

## नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का सीएम आवास घेराव

# लाठीचार्ज में कई छात्रों के सिर फटे, कई हुए चोटिल

- नाय चलतो 60-40, नियोजन नीति में करो संशोधन से निपटने को किला बनाकर मुस्तैद थी पुलिस
- नारेबाजी, प्रदर्शन, हंगामा, पुलिस ने लिया कई छात्रों को हिरासत में, रिहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य भर के छात्रों ने सोमवार को सीएम आवास का घेराव किया। 60-40 नियोजन नीति के विरोध में किये गये घेराव का नेतृत्व झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने किया। कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से छात्र रांची पहुंचे और आंदोलन में हिस्सा लिया। घेराव कार्यक्रम से पूर्व सभी छात्र पहले मोरहाबादी मैदान पहुंचे और तय कार्यक्रम से ढाई घंटे विलंब से सीएम आवास के घेराव के लिए निकल गये।

सीएम आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस पहले से अलर्ट थी। आंदोलनकारी छात्रों को रोकने के लिए दो हजार फोर्स सीएम आवास की ओर जानेवाली जगहों पर तैनात थे। घेराव कार्यक्रम को रोकने के लिए पुलिस ने पहले तो छात्रों को समझा-बुझाकर रोकने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें कई युवकों के सिर फट गये। दर्जनों युवकों को चोटें आयीं। नियोजन नीति के विरोध में सीएम के खिलाफ नारा लगानेवाले सैकड़ों छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर खेलगांव कैंप भेज दिया। फिर हिरासत में लिये गये छात्रों की रिहाई की मांग को लेकर छात्रों ने धरना दिया। जानकारी के अनुसार देर रात सभी छात्र रिहा कर दिये गये। (शेष पेज 11 पर)



### गद्दी छोड़ो... के लग रहे थे नारे

जिस युवा ने कल तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गद्दी तक पहुंचाने में साथ दिया, आज वही उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। आखिरकार जयराम महतो, मनोज यादव जैसे बड़ी संख्या में युवाओं को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। आक्रोशित छात्रों ने सीएम गद्दी छोड़ो का नारा भी लगा रहे थे।

## कैबिनेट में 20 प्रस्तावों पर मुहर, 2000 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

# चिकित्सा परिषद् नियमावली के गठन को दी गयी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें कई अहम फैसले लिये गये। कैबिनेट की बैठक में कार्मिक विभाग के प्रस्ताव के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग के झारखंड द्वारा रद्द किये गये नियुक्ति विज्ञापन आदेश सरकार ने वापस ले लिया। इससे नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया।

नियुक्ति परीक्षा हो चुकी थी और रिजल्ट का भी प्रकाशन हो चुका था। नियोजन नीति को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नियुक्ति विज्ञापन को रद्द कर दिया गया था। यही कारण है कि परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थी की नौकरी पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया था। इसके बाद अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गये थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार ने नियुक्ति विज्ञापन को रद्द करने संबंधी आदेश को वापस ले लिया। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। अब इस परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। करीब 2000 अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। (पेज 2 भी देखें)

### लाह को कृषि का दर्जा




लाह की खेती को सरकार कृषि का दर्जा देगी। इससे झारखंड के 400000 ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा होगा। न्यायाधीशों के न्यायिक कार्यों में सहयोग कर रहे विधि अनुसंधान कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की गयी। अब इन्हें 30000 के बदले 40000 मिलेंगे। पूरे झारखंड में इसके 25 पद स्वीकृत हैं। नगर विकास विभाग के तहत निर्माण होने वाले रांची बस टर्मिनल प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा जमशेदपुर में बनने वाले बस टर्मिनल ड्राफ्ट को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गयी।

### अतीक मामले का असर पत्रकारों की कड़ी जांच

प्रयागराज में मीडियाकर्मी बन कर आये तीन शूटरों के द्वारा अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मार कर हत्या कर देने का असर झारखंड मंत्रालय में भी दिखा। कैबिनेट की बैठक के चलते बड़ी संख्या में पत्रकार मंत्रालय रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। प्रोजेक्ट भवन के मुख्य गेट पर ही सुरक्षाकर्मियों ने सभी पत्रकारों के आइडी की सघन जांच की। पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही पत्रकारों को अंदर कवरेज के लिए जाने दिया गया। पुलिस मुख्यालय से भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था और कड़े इंतजाम किये गये थे। मुख्यालय की ओर से ही पत्रकारों की भी जांच का निर्देश दिया गया था।

# आइएएस छवि रंजन को समन, 21 को पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन को सम्मन भेजकर 21 अप्रैल को रांची इडी के जोनल ऑफिस में बुलाया गया है। ईडी ने 13 अप्रैल गुरुवार को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। ईडी ने गिरफ्तार सातों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था। जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जिसके बाद ईडी सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। चार दिनों की रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर इडी आइएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी।

**22 ठिकाने पर इडी ने की थी छापेमारी** : रांची में सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाई अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचलों के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकानों पर पिछले दिनों इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को बड़े पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज कई सरकारी कागजात बरामद किया गया था।

## परिवहन सचिव को लेकर हाइकोर्ट पहुंचे एसएसपी

# माफी मांगी, सचिव के जवाब से कोर्ट संतुष्ट ,मामला खत्म किया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अवमानना के एक मामले में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के परिवहन सचिव के श्रीनिवासन को लेकर रांची के एसएसपी कौशल किशोर सोमवार को हाईकोर्ट पहुंचे। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार के जवाब से संतुष्ट होकर अवमानना की कार्रवाई को खत्म कर दिया है। साथ ही परिवहन सचिव को सख्त निर्देश दिया कि कोर्ट ने इस केस में जो आदेश पारित किया है उसका अनुपालन सुनिश्चित हो। सचिव ने कोर्ट को अश्वसत किया कि जल्द से जल्द अदालत के आदेश का पूरी तरह अनुपालन किया जायेगा। परिवहन सचिव ने कोर्ट से माफी भी मांगी और कोर्ट को बताया कि 15 मई तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप कर दिया। (शेष पेज 11 पर)



# झारखंड में जानलेवा गर्मी, पारा $45^{0}$ के पार

➲ अभी और चढ़ेगा पारा, 20 अप्रैल से बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य भर में बढ़ती और जानलेवा गर्मी से लोग परेशान है। हीट वेव का असर राज्यभर में देखा जा रहा है। झारखंड में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से भी पार कर चुका है। वहीं, सुबह नौ बजे के बाद लोगों का घर से निकलना दुभर हो गया है।

गोड्डा का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। डालटेनगंज, पाकुड़, देवघर में 43 के पार, वहीं गढ़वा, जमशदेपुर, साहिबगंज में 42 डिग्री सेल्सियस से पारा ऊपर चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो तीन दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे।

### आंशिक बादल छाये रहेंगे

मौसम विभाग की मानें तो 18 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा। 19 अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सो में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 20 से 23 अप्रैल तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान राज्य भर में बारिश और थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है।

**कहां कितना तापमान :** बोकारो 40.3, चतरा 40.0, देवघर, 43.2, गढ़वा, 42.8, गिरिडीह 41.1, गोड्डा, 45.1, गुमला, 39.4, हजारीबाग 38.8, खूंटी 39.7, लातेहार 39.7, लोहरदगा 38.7, पाकुड़ 43.5, रामगढ़ 41.2, रांची 38.6, साहिबगंज 42.5, सिमडेगा 41.5, प. सिंहभूम 40.2

# हत्या से पहले शीर्ष कोर्ट को पत्र लिखकर गया है अतीक

### लेटर से खुलेंगे राज

एजेंसी

प्रयागराज। माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद ने अपनी हत्या से कुछ दिन पहले एक पत्र लिखा था। यह पत्र सुप्रीम कोर्ट को संबोधित करते हुए लिखा गया था और इसे सुप्रीम कोर्ट को पोस्ट भी किया गया है। लेटर खुलने के बाद कई अहम राज भी खुल सकते हैं। अहमद के वकील ने अपने दावे में कहा, अतीक ने मुझसे कहा था कि उसे कुछ पुलिस अधिकारियों ने जेल में धमकी दी थी। उसे जान से मारने की धमकी दी गयी है। यह सब जानकारी लेटर में है। अतीक और उसके भाई अशरफ की बीते दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस समय दोनों भाई मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस सनसनीखेज वारदात के बाद अब नयी-नयी जानकारियां सामने आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार अतीक अहमद ने इस पत्र में अपनी हत्या की आशंका जतायी थी। हत्या से ठीक दो हफ्ते पहले यह लेटर लिखा गया था। (शेष पेज 11 पर)



### नैनी जेल से हटाये गये तीनों शूटर

अतीक अहमद और अशरफ को मौत के घाट उतारने वाले तीनों शूटरों को पुलिस ने नैनी जेल से प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया है। नैनी सेंट्रल जेल में अतीक अहमद का बेटा अली और गैंग के कई सदस्य भी कैद हैं। ऐसे में पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए तीनों शूटरों को प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमीरपुर के सनी (23), बांदा के लवलेश तिवारी (22) और कासगंज के अरुण कुमार मौर्य (18) को प्रशासनिक आधार पर प्रयागराज की केंद्रीय कारागार से जिला जेल प्रतापगढ़ स्थानांतरित किया गया है। तीनों को दोपहर 12 बजे प्रयागराज से ले जाया गया और दोपहर 2.10 बजे प्रतापगढ़ में प्रवेश किया। सनी, लवलेश और अरुण ने 15 अप्रैल की रात अतीक और अशरफ की उस वक्त हत्या कर दी थी जब उन्हें मेडिकल जांच के बाद अस्पताल से वापस लाया जा रहा था। जेल प्रशासन को आशंका थी कि तीनों शूटरों को यहां इन लोगों से जान का खतरा हो सकता है। अतीक और अशरफ की मौत का बदला लेने के लिए ये लोग तीनों हत्यारोपियों पर हमला कर सकते हैं।

# कपिलो को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत पुरस्कार

## सीएम का प्रयास सफल : बुनियादी ढांचे में आत्मनिर्भर बनी ग्राम पंचायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने की कड़ी अब मजबूत हो रही है। इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। इसी का प्रतिफल है कि नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को झारखंड के गिरिडीह स्थित कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार पूरे भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन ग्राम पंचायतों को दिया गया है। केंद्रीय पंचायत राज मंत्री ने यह पुरस्कार पंचायत के मुखिया को दिया। (शेष पेज 11 पर)



### गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में स्थित है कपिलो पंचायत

ग्राम पंचायत कपिलो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में स्थित है। कपिलो पंचायत का गठन चार गांवों से होता है, कपिलो, पंडाना कला, राजमनिया और चानो। ग्राम पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मूल्यांकन वर्ष में 96 पक्का आवास का निर्माण किया। पंचायत में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित है। साथ ही पंचायत सचिवालय में ही पंचायत का अपना सिस्टम सेटअप संचालित है। पंचायत में आकर्षक पंचायत भवन के साथ-साथ आकर्षक आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र एवं ज्ञान केंद्र की स्थापना की गयी है। पंचायत भवन और विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, आंगनवाड़ी केंद्रों में क्रियात्मक स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। कपिलो में पुस्तकालय, सामुदायिक केंद्र, सात आंगनबाड़ी केन्द्र और खेल का मैदान भी उपलब्ध है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। सिर्फ बुनियादी ढांचा में आत्मनिर्भर के लिए नहीं।

“ पंचायतों में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने हेतु सरकारी योजनाओं के साथ-साथ इनोवेशन की भी जरूरत है। नवाचार विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रकार की नीति संस्कृति और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना होगा और इन्हें अन्य गांवों में भी अपनाना होगा ताकि हर गांव समृद्ध बने। - **निशा उरांव, निदेशक पंचायती राज।**

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी
(अभियंत्रण शाखा)

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 29/2023-24 PR No-294833 (District) 2023-24 (D) एवं PR No- 295197 (District) 2023-24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:—

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे | 18.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 23.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 24.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 24.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 25.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 25.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे | 26.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे |

क्रमांक 8. को निम्नवत् संशोधित किया जाता है।
जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 295316 (District) 23-24 (D)



## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001 E-MailId - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752 NIT No.:JUIDCO/FOB KganjChowk/ 2945/534 Date:17.04.2023

e-Procurement Notice
Notice Inviting Tender (8th call)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction of Foot Over Bridge and installation of Escalators near Kishoreganj Chowk in Ranchi City. |
| 2. | Mode of bid submission | Online Tender |
| 3. | Estimated Cost | Rs.460.243 Lakhs |
| 4. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs.10,000/- (Rupees Ten Thousand only) (Non-Refundable) Bid Security: Rs.4.60 Lakhs (Rupees Four Lakh Sixty Thousand only) (Refundable) |
| 5. | Date & Time of publication of Tender on website | 18/04/2023- Time 15:00 Hrs. |
| 6. | Last Date & Time for Submission of pre bid queries | 24/04/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 7. | Date &Time for Pre-bid Meeting | 25/04/2023- Time 15:00 Hrs. |
| 8. | Last Date & Time for Submission of Online Bids | 08/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 9. | Last Date & Time of Submission of EMD and Tender fee (Hard Copies) | 09/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 10. | Date & Time of technical bid opening | 09/05/2023- Time 17:30 Hrs. |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001. |
| 12. | Helpline no. | +91651- 2225878/ +91-9835165931/ +91-9097114840 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in Sd/-
PR 295338 Urban Development and Housing(23-24)D Project Director (Tech) JUIDCO Ltd. Ranchi.



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई०निविदा आमंत्रण सूचना

ई०निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 01/2023-24
पत्रांक 264 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सोभवाढोरा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड–मनिका, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 60.69 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई०निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई०निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 7 | ई०निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई०निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295231 Water Resource(23-24)#D



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 02/2023-24
पत्रांक 265 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तेतरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – मनिका, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 68.057 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295232 Water Resource(23-24).D



## झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/2023–24 तिथि :– 17.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 24.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 29.04.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 02.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 11000/433 volts, outdoor type copper wound 1250 KVA offload Tap Changer Power Transformer (Make-Synergy/T Power/PVJ Power) with other accessories at Booty Sub Station under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 25,95,538.00 | 52,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Two months |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का 'विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र' होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

PR 295301 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



## GOVT.OF JHARKHAND, WATER RESOURCES DEPTT.
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

Re-Tender inviting Very Short Notice
Very Short Re-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-F,-07/2022-23 Dated :-15.04.2023

| Sl. No. | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Last date/Time for receipt of e-Tender upto | Date of Publication of e-Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 01. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- JAMUA, P. NO. 2438, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 3376520.83 | 67600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | 24.04.2023 (05:00 P.M.) | 18.04.2023 (Till 02:00 P.M.) | 27.04.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 26.04.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 02. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- NAIKENIYA, PLOT NO 973, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 2761245.47 | 55300.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

Executive Engineer,
Water Ways Division, Medininagar

PR 295289 Water Resource (23-24)_D


### कथित रूप से ₹3000 करोड़ का एनटीपीसी भूमि-मुआवजा घोटाला मामला

# जमीनों के फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का किया गया बंदरबांट!

**मामले में हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने केंद्र और राज्य से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 19 जून को**



**ईडी ने कोर्ट को एक एफआइआर होने की दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र सरकार से और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से भी पक्ष रखा गया। इडी की ओर से अदालत को बताया गया कि केरेडारी थाना में एक एफआइआर दर्ज हुई है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को करेगा।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंटू सोनी की याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा।

**एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं**

हजारीबाग में भूमि–मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले होने और 300 करोड़ मुआवजा बांटने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास–आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल, मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का बंदरबांट किया गया था।

## पलामू : अमानत बराज का काम पूरा किये बिना पैसों की निकासी पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** पलामू जिले के अमानत बराज में बिना काम पूरा किए पैसे की निकासी और भीम बराज में राज्य सरकार की हिस्सेदारी से अधिक की राशि भुगतान करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही अदालत ने निर्माण कार्य करने वाली कंपनी हार्डवेयर टूल्स एंड मिशनरी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को प्रतिवादी बनाया है और अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने सरकार को पूरे मामले पर चार सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है।

## राज्य की भ्रष्ट सरकार को राज्य के युवा करेंगे बाहर : रघुवर

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई झामुमो-राजद-कांग्रेस की सरकार ने पुरानी नीति को रद्द किया। फिर नई नीति ऐसी बनाई, जिसमें पूरे देश से कोई भी शामिल हो सकता। इसके खिलाफ में जब युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया, तो सरकार ने युवाओं से बर्बरता की। गठबंधन सरकार नौकरियों का वादा कर लाठियां बरसा रही है। झूठी, धोखेबाज और भ्रष्ट सरकार को इस बार झारखंड का युवा बाहर का रास्ता दिखाएगा।

## युवाओं का खून बहाना सरकार को महंगा पड़ेगा : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य सरकार बेरोजगार नौजवानों के साथ अपराधियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार कर रही है। अधिकार की मांग करने वाले बेरोजगार छात्रों पर जेएमए सरकार लाठियां बरसा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेरोजगार नौजवानों का धैर्य खत्म हो चुका है। 60-40 नियोजन नीति के मामले में सीएम आवास का घेराव करने आये छात्राओं पर लाठियों बरसाई गई। दीपक प्रकाश ने कहा कि युवा वही मांग रहे, जिसकी हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था लेकिन यह सरकार अपना वादा पूरा करने के बजाय युवाओं को कभी भाषा के नाम पर, कभी 1932 के खतियान के नाम पर, तो कभी 60-40 की अमान्य नियोजन नीति के नाम पर बरगला रही है। युवाओं का खून बहाना हेमंत सरकार को काफी महंगा पड़ेगा। राज्य की युवा शक्ति खून के एक एक बूंद का बदला ईवीएम की मार से लेगी।

## कैबिनेट : झारखण्ड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली 2023 के गठन को मिली स्वीकृति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को 20 प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना को राज्य योजना से टॉप अप सहायता के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में नई राज्य योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए स्टेट टॉप-अप योजना के तहत 12.99 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की स्वीकृति व संशोधित बजट 2.45 करोड़ व्यय के लिए मंजूरी दी गयी। खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय हेतु बैंक ऑफ इंडिया से रुपये 776.00 करोड़ के ऋण लेने पर राज्य सरकार की गारंटी दिये जाने की स्वीकृति दी गयी। राज्यांतर्गत सभी सरकारी एवं निजी नर्सिंग संस्थानों के लिए झारखण्ड राज्यान्तर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन नियमावली, 2023 पर स्वीकृति दी गयी।

झारखण्ड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।

- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दिनांक 9 एवं 10 अगस्त, 2022 को झारखण्ड जनजातीय महोत्सव के आयोजन के लिए मनोनित इवेंट मैनेजर व महोत्सव पर हुए खर्च के लिए 5.32 करोड़ भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 यथा संशोधित झारखण्ड सचिवालय सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम-7 (3) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झाप्रसे अधिकारीव तत्कालनी बीडीओ हुसैनाबाद को दिए गये अधिरोपित संचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक के दण्ड को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखण्ड को झारखण्ड राज्य एनसीसी से संबंधित सभी गतिविधियों के निष्पादन के लिए राज्य एनसीसी सेल को घोषित करने की स्वीकृति दी गयी।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अन्तर्गत रोगी धनंजय कुमार सिंह, पिता- राम सुन्दर सिंह, ग्राम - बागबेड़ा, जमशेदपुर को कैंसर रोग के ईलाज हेतु निर्धारित सीमा से अधिक राशि प्रदान करने के मामले में मंत्रिमण्डल की अनुशंसा प्राप्त कर विभाग द्वारा स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड राज्य लिपिक, लिपिक-सह-टंकक , टंकक , अन्य लिपिकीय सेवा सम्वर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्तें) (तृतीय संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड अवर अभियंत्रण संवर्ग (कनीय अभियन्ता, सिविल /इलेक्ट्रिक/यांत्रिक) सेवा (संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गयी।
- न्यायाधीशों के सहयोग के लिए विधि अनुसंधानकर्ता/अनुसंधान सहयोगी के रिकॉर्ड खाते पर आधारित मौजूदा मासिक मानदेय 30 हजार रुपये में वृद्धि करते हुए 40 हजार रुपये स्वीकृत करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य समन्वय समिति के माननीय सदस्य का नाम विनोद पाण्डेय के स्थान पर विनोद कुमार पाण्डेय संशोधित किए जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड विधान सभा सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गई अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान के लिए गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की एक साल का अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी।

## 20 अप्रैल को होगा अप्रैल महीने का वेतन भुगतान



**रांची।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर राज्य सरकार पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अप्रैल महीने के वेतन का भुगतान 20 अप्रैल को ही करेगी। वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

### खबर एक नजर में

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी मामले में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को 2 सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि एफआइआर दर्ज होने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हो रही है जबकि पूर्व की सुनवाई में राज्य के डीजीपी की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर मामले की जांच सीबीआई से क्यों नहीं कराई जाए

**रांची।** कौशल विकास केंद्र में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर के वेतन भुगतान से संबंधित इस्मत अंसारी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट के 28 मार्च 2023 के आदेश के आलोक में श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने मामले में कहा प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इस मामले में श्रम विभाग का एटीट्यूड सही नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि क्यों नहीं मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। कोर्ट ने प्रार्थी को भी पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में श्रम सचिव को उपस्थिति से छूट प्रदान की।

## देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स निर्माण पर राज्य सरकार ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शिवानी जालुका और पार्थ जालान की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

### जय भारत सत्याग्रह यात्रा में कई पुराने कांग्रेसी नेताओं ने घर वापसी का किया था आग्रह

# पुराने कांग्रेसियों को पुनः पार्टी से जोड़ने के लिए प्रदेश कांग्रेस चलायेगी आ अब लौट चलें कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी अपने पुराने नेताओं की घर वापसी का अभियान शुरू करेगी। इस अभियान का नाम- आ अब लौट चलें होगा। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस अभियान से राज्य में कांग्रेस मजबूत होगी।

इस संबंध में झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह यात्रा के दौरान अलग-अलग जिले में जब यात्रा की गई तो वहां के कई पुराने कांग्रेसी नेताओं ने घर वापसी का आग्रह किया था। श्री आलम ने कहा कि सत्याग्रह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, ऐसे में सत्याग्रह के मंच का इस्तेमाल किसी नेता की पुनर्वापसी के लिए नहीं किया जा सकता था। इसलिए पार्टी ने फैसला लिया है कि कांग्रेस छोड़ कर दूसरे दलों में गए नेताओं और कार्यकर्ताओं की घर वापसी के लिए अलग से कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि बदली हुई परिस्थितियों में जब राहुल गांधी की आवाज देश की आवाज बन गई है तो पुराने कांग्रेसी घर वापसी करना चाहते हैं। ऐसे लोगों को सम्मान पूर्वक घर वापसी का रास्ता आसान होगा।



**कुछ अहम सवाल, जिसका जवाब पीसीसी के नेताओं के पास नहीं :** क्या वैसे नेताओं की भी वापसी कांग्रेस कराएगी जो आज की तारीख में कांग्रेस की जगह सहयोगी दल झामुमो या राजद में हैं। कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे थॉमस हांसदा के पुत्र विजय हांसदा अभी झामुमो में हैं तो इसी तरह संयुक्त बिहार में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सरफराज अहमद आज झामुमो के टिकट पर गांडेय से विधायक हैं। सवाल उठता है कि क्या इनकी भी कांग्रेस में घर वापसी होना संभव होगी।

**झारखंड कांग्रेस छोड़कर जानेवालों की लंबी फेहरिस्त :** झारखंड कांग्रेस में महिला कांग्रेस की पहली अध्यक्ष प्रतिभा पांडेय, प्रदेश महासचिव राजेश शुक्ला, जेएमएम सांसद विजय हांसदा, झामुमो विधायक सरफराज अहमद, छोटे राजा और विधायक अनंत प्रताप देव, अजय कच्छप, अनिता टुडू, कामेश्वर दास, सन्नी टोप्पो, डीपी जामुदा, मास्टर साहब, अकीलूर रहमान, चित्रसेन सिंकू, सन्नी सिंकू जैसे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है जो कभी कांग्रेस के कर्णधार हुआ करते थे। किसी न किसी वजह से या राजनीतिक महत्वकांक्षा की वजह से इन लोगों ने कांग्रेस का दामन छोड़ किसी अन्य दल का दामन थाम लिया है। प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, डॉ अजय कुमार जैसे पार्टी के कद्दावर नेता दूसरे दलों में जाकर फिर से कांग्रेस में वापसी कर चुके हैं। अब देखना होगा कि कांग्रेस का आ अब लौट चलें अभियान कितना सफल होता है और कौन–कौन से नेताओं की घर वापसी कराने में पार्टी सफल होती है।

**भाजपा के नेता भी चाहते हैं कांग्रेस में आना :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि –आ अब लौट चलें– अभियान के दौरान न सिर्फ पुराने कांग्रेसी की घर वापसी होगी, बल्कि उनसे कई नेता जो भाजपा में चले गएं हैं वो भी पुनः कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## मां चंचली मंदिर में चोरी करते चोर कैमरा में कैद

**बोकारो।** विगत दिनों तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मन्दिर व दो अन्य मन्दिरों में चोरों द्वारा दिनदहाड़े चोरीए माराफाड़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत काशियाटांड़ में स्थित एक मन्दिर में असामाजिक तत्वों द्वारा शिवजी और हनुमान जी की मूर्तियां खंडित करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अपराधी माराफारी थाना क्षेत्र के चंचली मंदिर की दानपेटी को तोड़कर पैसे उड़ाने में सफल रहे हैं। इन अपराधियों ने सेक्टर 4 के सूर्य मंदिर में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ये बाइक सवार अपराधी जिले भर में घूम.घूम कर मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस अब तीनों बाइक सवार अपराधियों की पहचान करने में जुट गई है। सुबह 4रू30 बजे गार्ड के मंदिर से हटते ही चंचली मंदिर के दो गेट का ताला तोड़कर दान पेटी में रखे पैसे लेकर फरार हो गए।

## अनिल अग्रवाल के आवास पहुंचे सिरम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर

**बेरमो।** सिरम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सह शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह जरीडीह बाजार स्थित अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह समाजसेवी अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यालय पहुंचे। दोनों के बीच इस शिष्टाचार मुलाकात कार्यक्रम में कई जनकल्याणकारी कार्यों समाजिक विषय पर चर्चा हुई। अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा और शांति फाउंडेशन के द्वारा आपसी समन्वय के साथ महासभा और फाउंडेशन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र की जनता को कैसे मिले इस पर गहन चर्चा की गई। मौके पर सुमित सिंह, विकास कुमार, राहुल कुमार मौजूद रहे।

## बीबीएमके यू के छात्राओं ने किया आमरण अनशन

**धनबाद।** धनबाद रणधीर वर्मा चौक पर जयराम महतो के नेतृत्व में बीबीएमके यू के छात्राओं ने आमरण अनशन का प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि बीबीएम के यू बचाव बीसी हटाओ का नारा लगाया। छात्राओं का कहना है कि परीक्षा जांच हेतु गड़बड़ी में हजारों छात्र छात्राओं को बिना वजह फेल कर दिया गया है। इसी का नारा लगाया जा रहा है। छात्र छात्राओं का कहना है कि हमारे का पी का दोबारा जांच किया जाए अन्यथा हम लोग आंदोलन में डटे रहेंगे।

## प्रकाश कुमार को विशाल बाल्मीकि ने दी बधाई

**धनबाद।** सोमवार को सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार के झारखण्ड खनिज क्षेत्र पदाधिकारी माडा के सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त होने पर दुर्गा सोरेन सेना केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा विशाल बाल्मीकि ने फूलो का बुके देकर बधाई दी। और बाल्मीकि ने कहाँ की माडा मैं ऐसे ही कर्मठ पदाधिकारी की जरूरत है।

## परीक्षा केंद्र बदलने से छात्र परेशान

**धनबाद।** जैक द्वारा आयोजित इण्टर की परीक्षा में केन्द्र बदलाव को लेकर छात्रों के बीच एक बार भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा। सोमवार को सैकेंड सीटिंग बीएसएस कॉलेज में एडमिट कार्ड के अनुसार पीके राय धनबाद आर्ट्स के छात्र परीक्षा में भाग लेने आए थे कि अचानक परीक्षा केंद्र इण्टर कॉलेज महुदा सुनकर कई छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ा।

# केंदुआ: भरभरा कर ढह गया ओबी एक व्यक्ति के दबे होने की आशंका

**ओपेन माइंस में अवैध उत्खनन करते समय घटी घटना**



खबर मन्त्र संवाददाता


**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया 6 से संचालित आउटसोर्सिंग लीज पर चल रहे ओपन माइंस में अवैध उत्खनन की सोमवार को फिर एक घटना घटी । कोयले के अवैध उत्खनन के दौरान ओवर बर्डेन भरभरा कर ढह गया और इसमें कम से कम तीन लोग दब गए । यह घटना सोमवार सुबह 6 बजे के आसपास की बताई गई है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोज की तरह आज भी कोयला काटने वाले लोग गन्साडीह तीन नंबर के पास कोयला काट रहे थे कि अचानक ओवर बर्डेन भरभरा कर गिर पड़ा ।इसके बाद तो भगदड़ मच गई. 2 लोगों को कोयला काटने वाले उठाकर ले गए ।एक के दबे होने की बात कही जा रही है। जबकि एक के अभी भी दबे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है । पुलिस और बीसीसीएल प्रबंधक का कहना है कि अभी तक किसी ने भी आकर यह दावा नहीं किया है कि उनके परिवार के लोग दबे हैं, इसलिए यह कहना गलत है कि लोग दबे हुए है । अवैध उत्खनन के मामले में यही तो दुखद पहलू है कि जिनके घर के लोग मरते हैं, वह न रो पाते हैं और ना किसी को बता पाते है. यहां तक की इलाज भी नहीं करा पाते और छुप छुपा कर दाह संस्कार करते हैं।

## निरसा में अवैध बालू का कारोबार जारी

**धनबाद/निरसा।** निरसा थाना क्षेत्र में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। सरकार के प्रतिबंध के बावजूद भी कुछ लोग सिंडिकेट बनाकर अवैध रूप से बालू का कारोबार कर रहे हैं और मालामाल हो रहे हैं। बताते चलें कि बढ़ाकर नदी के बरबंदिया पुल से प्रत्येक दिन दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर में बालू लोड किया जाता है और निरसा चिरकुंडा कुमारधुबी एग्यारकुंड आदि क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। एक तरफ बालू बेचकर बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। वही प्रतिमाह झारखंड सरकार को करोड़ों का राजस्व का नुकसान उठाना पढ रहा है।

# ब्लॉक में कंट्रोल रूम खोल तत्काल करें पेयजल संकट का समाधान: डीडीसी

**डीडीसी ने बीडीओ से की ऑनलाइन बैठक**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने गर्मी के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए सोमवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉक में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए कंट्रोल रूम बनाने, कंट्रोल रूम का टेलीफोन नंबर सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने एवं नोटिस बोर्ड पर लगाने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर जिला प्रशासन चिंतित है। उन्होंने सभी प्रखंडों में वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वाटर टैंकर से सप्लाई की व्यवस्था करने, पूर्व में 13वें एवं 14वें वित्त से खरीदे गए वॉटर टैंकर की संख्या, पेयजल आपूर्ति योजना, सोलर पंप व चापाकल की मरम्मती 15वें वित्त से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में जनप्रतिनिधियों, आम लोगों, मीडिया, सोशल मीडिया अथवा किसी भी विश्वस्त श्रोत से पानी की समस्या की सूचना मिलने पर उसे गंभीरता से लेते हुए उसका त्वरित समाधान करें।

## एथलेटिक्स में पहला कदम के 4 बच्चे करेंगे झारखंड का नेतृत्व

**धनबाद ।** सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 27 एवं 28 अप्रैल को को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नेशनल एथलेटिक्स चेम्पियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। बड़े ही हर्ष की बात है इसमे झारखंड के 8 बच्चे सेलेक्ट हुए है उसमें पहला कदम स्कूल के 4 बच्चे झारखंड का नेतृत्व करेंगे। पहला कदम स्कूल के कोच मो. अनवारुल हक के साथ सीपी छात्र मोहम्मद आजाद, किशोर गोप, अजय पासवान, गोविंद प्रसाद नोनिया 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ और शार्ट पुट में हिस्सा लेने दिल्ली जा रहे हैं।

# अस्पताल की लापरवाही से इलाजरत महिला की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

> मामला संज्ञान में आया है जांच हेतु नोडल पदाधिकारी गए थे। अस्पताल को सील कर दिया गया है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ अभय भूषण प्रसाद, सिविल सर्जन**

**बोकारो।** रितूडीह के शिव मंदिर समीप पूनम नर्सिंग होम में बारी कॉपरेटिव निवासी 42 वर्षीय कलावती देवी को कमर दर्द और हाथ में दर्द के कारण परिजनों ने भर्ती किया था। परिजनों के अनुसार रात तक वह महिला ठीक.ठाक थी सुबह में एक नर्स ने आकर एक इंजेक्शन कमर में और एक इंजेक्शन पानी के बोतल में दिया जिसके बाद तबीयत बिगड़ती चली गई और उसका देहांत हो गया। जिसके बाद परिजनो व आस पास के लोगो ने अस्पताल के पास जमकर हंगामा किया तथा अस्पताल और डाक्टर पर उचित कार्रवाई करने की बात कही। परिजनों ने इसकी लिखित शिकायत माराफारी थाना को दी। सूचना मिलने पर माराफारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उचित जांच पड़ताल करते हुए उचित करवाई करने की बात कही। लोगो ने कहा कि हॉस्पिटल और डॉक्टर की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आए दिन कभी ना कभी डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीजों की मौत हो जाती है। उचित कार्रवाई ना होने कारण यह मरीजों की जान से लगतार खिलवाड़ करते आ रहे हैं।

# स्मृति दिवस के रूप में मनायी गयी गुरुचरण शर्मा की पुण्यतिथि

**गौशाला बाजार में हुई संकल्प सभा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** कॉ गुरुचरण शर्मा की छठी पुण्यतिथि को भाकपा (मार्क्सवादी) सिन्दरी कमेटी ने गौशाला बाजार में सोमवार को श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया। सीपीआईएम नेता गौतम प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता काली सेनगुप्ता ने विस्तार से वक्तव्य रखते हुए कहा कि उनमें संघर्षशील व्यक्तित्व के बहुआयामी दृष्टिकोण दिखाई देते थे। 1984 के सिख विरोधी दंगों में कई सिखों को बचाकर गुरुद्वारा के शरण में लेने में अहम भूमिका निभाई थी। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर कमेटी अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिट्ठू दास, रंजू देवी, रजनी शर्मा, डीवाईएफआई नेता अनिल कुमार शर्मा, राम लायक राम, ठेका मजदूर यूनियन नेता बबलू बाउरी, रामलाल महतो, आर के मिश्रा, पी के सिंहा, रामनाथ शर्मा व तुलसी मोदी शामिल रहे।

# शिक्षकों ने सीखे बच्चों की प्रतिभा निखारने के गुर

**डीपीएस में कार्यशाला**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नई शिक्षा नीति के आलोक में सीबीएसई सेंटर आफ एक्सीलेंस पटना द्वारा डीपीएस बोकारो में एक्सपेरिएंशियल लर्निंग विषय पर आयोजित शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के 60 से अधिक प्रतिभागी शिक्षकों ने अनुभव आधारित व्यावहारिक शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। रिसोर्स पर्सन बाल भारती पब्लिक स्कूल औरंगाबाद की प्राचार्या साओली दत्ता एवं विद्या विकास पब्लिक स्कूल रांची की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी ने विद्यालय की कक्षा और किताबी दुनिया से बाहर बच्चों की प्रतिभा निखारने को लेकर कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साओली व प्रेमलता ने विभिन्न आयामों के मानदंडों की जानकारी देते हुए शिक्षकों को बच्चों की प्रतिभा व रुचि के अनुसार उनका मार्गदर्शन करने पर बल दिया।

उन्होंने पहले शिक्षकों को स्वयं में बहु.बुद्धिमता विकसित करने पर जोर दिया एवं एक्सपेरिएंशल लर्निंग में एक्टिविटी रिफ्लेक्शनए कंसन्ट्रेशन और एप्लीकेशन के चार सूत्री फॉर्मूला तथा स्मार्ट लर्निंग आउटकम डिजाइन करने की बारीकियां समझाईं।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

पत्रांक 1242/सा॰प्र॰ दिनांक15.04.2023

### शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/SBD/01/2023-24 जिसका PR no. 294561 में Tender Fee की राशि 25,000.00 रूपये के स्थान पर 10,000.00 रूपेय देय होगा।

इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 1148/सा॰प्र॰ दिनांक 05.04.2023 को इस हद तक संशोधित समझा जाए। शेष सभी शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

PR 295328 Urban Development and Housing(23-24)D

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई०निविदा आमंत्रण सूचना

ई०निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 50/2022-23
पत्रांक 258 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कुचिला मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड – बरवाडीह, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 50.284 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई०निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई०निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 7 | ई०निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई० प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– 1. केवल ई०निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. इस निविदा का PR No 292346/22-23 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 295225 Water Resource (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)

### ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या जल संसाधन विभाग/ कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो/आई.एफ.बी. 01/2023–24 दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of retaining wall for protection of approach of foot bridge at K.M 7.10 of konar main canal, Banaso. |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रू० 8,01,131.47 (रूपये आठ लाख एक हजार एक सौ इकतीस एवं सैंतालीस पैसे) मात्र । |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 90 दिन |
| 4 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु 1,250.00 |
| 5 | अग्रधन की राशि | रु 16,100.00 |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 19.04.2023, 11:00 AM |
| 7 | निविदा डालने की अंतिम तिथि | 10.05.2023, 5:00 PM |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल में जमा करने की अंतिम तिथि | 11.05.2023, 5:00 PM |
| 9 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात प्रमण्डल मे जमा करने का स्थान | 1. (क) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल बनासो, पिन नं0–825312 (ख) स्पीड पोस्ट द्वारा उपर्युक्त पते पर 2. अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, तेनुघाट बाँध अंचल तेनुघाट। 3. मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग। |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | 12.05.2023, 2:00 PM |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो। (हजारीबाग) पिनकोड 825312 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मो0 संख्या | 9431108950 |
| 13 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–267462 |

नोट: केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि में परिवर्तन सम्भव।

कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो। (हजारीबाग)

PR 295321 (Water Resource) 23-24 (D)

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई०निविदा आमंत्रण सूचना।

ई०निविदा संख्या–WRD/MID/Latehar F2 – 07/2023-24 पत्रांक 270 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पंडराचुआँ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – सरयु, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 56.758 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई०निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई०निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 7 | ई०निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई० प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई०निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.295241 Water Resource(23-24):D

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूंटी।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/01/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूंटी | खूंटी जिलान्तर्गत खूंटी प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |
| 2 | मुरहू | खूंटी जिलान्तर्गत मुरहू प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |
| 3 | अड़की | खूंटी जिलान्तर्गत अड़की प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |
| 4 | तोरपा | खूंटी जिलान्तर्गत तोरपा प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |
| 5 | कर्रा | खूंटी जिलान्तर्गत कर्रा प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |
| 6 | रनियाँ | खूंटी जिलान्तर्गत रनियाँ प्रखण्ड में G+2 हॉल (Multipurpose Hall, Library & Gymnasium) का निर्माण। | 99,99,900.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 07 माह |

नोट :– 1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.04.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 28.04.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 29.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.05.2023 अपराह्ण 01:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूंटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूंटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूंटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूंटी/नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूंटी।

PR 295318 (District) 23-24 (D)

## झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

### ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–03/2023–24 तिथि :– 17.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, रॉची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 18.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 24.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 29.04.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 02.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 03.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Commissioning & Testing of outdoor type 630 KVA copper wound distribution Transformer – 2 nos. (Make- Kirloskar/ Crompton Greaves/ ABB/Synergy) and other allied materials which are essential for Smart City Water Supply Pumping Plant, Hatia under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 39,46,338.00 | 79,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Two months |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का 'विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र' होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, रॉची

PR 295308 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## कार्यालय अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी,खूँटी

### आम सूचना

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता निम्न निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे :–

- सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ से संबंधित खाद्य कारोबारकर्त्ता जैसे (होटल, भोजनालय, रेस्टोरेन्ट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं (Wholesaler), वितरक (Distributor), प्रदायक (Supplier), भंडारक (Storer), उत्पादक (Manufacturer), खुदरा बिक्रेता (Retailer), ठेला–खोमचा (Street Vendors), मटन/चिकन/मछली बिक्रेता, Medical Shop, Ice Cream Factory, कैंटिन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक (Transporter), फल–सब्जी बिक्रेता, सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था (आवासीय स्कुल, कॉलेज, हॉस्पीटल आदि) में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर आदि का खाद्य रजिस्ट्रेशन/खाद्य अनुज्ञप्ति (Food Licence) का होना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन/अनुज्ञप्ति के किसी भी खाद्य वस्तु (पेय पदार्थ सहित) का बिनिर्माण, बिक्रय, भंडारण, वितरण या आयात करना दण्डनीय अपराध है, जिसके तहत् 6 (छह) मास तक का कारावास तथा एक लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है।
- सरसों तेल में किसी भी अन्य खाद्य तेल की मिलावट/ब्लेंडिंग प्रतिबंधित है, साथ ही ब्लेंडेड सरसों तेल की बिक्री भी पूर्णतः प्रतिबंधित है।
- खाद्य पदार्थ में Expiry Date, Manufacturing Date, best before, Batch Number, FSSAI License Number आदि पैकेज Product में जरूर लिखा हुआ हो।
- खाद्य रंगो का प्रयोग सिमित मात्रा मे करें। अखाद्य रंगों का प्रयोग न करें।
- खाद्य सामग्री के निर्माण में हमेशा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें और बर्तन का सफाई रखें एवं व्यक्तिगत सफाई का ध्यान देना है और ढक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करना है, रसोई घर एवं भण्डार पर पूर्णता साफ–सफाई रखना है।
- मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया जाता है कि मिठाई/नमकिन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ सभी खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे–मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें।
- किसी भी खाद्य पदार्थ के जॉंच के पश्चात् जॉंच रिपॉर्ट अवमानक (Sub-standard) पाये जाने पर धारा 51 के तहत 500000 (पाँच लाख) रूपये तक का जुर्माना है, मिथ्याछाप (Misbranded) पाये जाने पर धारा 52 के तहत 300000 (तीन लाख) रूपये तक का जुर्माना तथा असुरक्षित पाये जाने पर धारा 59 के तहत जुर्माने के साथ 6 (छः) मास तक सजा का प्रावधान है।
- खाद्य सुरक्षा आयुक्त, रॉंची, झारखण्ड के आदेशानुसार किसी भी प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित पान मसाला पाए जाने पर भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं कोटपा 2003 के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।
- वैसे खाद्य कारोबारकर्ता (जैसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा, बेकरी, आईस्क्रीम फैक्ट्री आदि) जहां खाद्य पदार्थ को बनाने में पानी को प्रयोग होता हो NABL Accredited Lab से पानी का जॉंच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी जार द्वारा पानी बिक्रेता खाद्य अनुज्ञप्ति/निबंधन लेकर NABL Accredited Lab से पानी का जॉंच रिपॉर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15(पंद्रह) दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा उनके खिलाफ FSS Act, 2006 के सुसंगत धारा के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
- सभी खाद्य कारोबारी प्रतिबंधित पान मसाला का बिक्री नही करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान परिसर में पाया जाता है, तो उनके खिलाफ FSS Act, 2006 के सुसंगत धारा के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
- खूंटी जिला के सभी खाद्य कारोबारीयों को निर्देश दिया जाता है कि जो अब तक FSSAI द्वारा प्रदत्त रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस नहीं लिया है, वे यथाशीघ्र रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस धारण करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त रजिस्ट्रेशन/लाईसेंस हेतु FSSAI के website www.foscos.fssai..gov.in की सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूंटी
अभिहित अधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी,खूंटी

PR 295336 District(23-24).D

# तपती धरती

हम में इस हकीकत को स्वीकार लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे जीवन को गहरे तक प्रभावित कर लिया है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं मात्र दस दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के चालीस पार जाने की सामने आ गई है। महाराष्ट्र में गर्मी से दर्जनों आदमी की मौत हो गयी, पश्चिम बंगाल में स्कूल कॉलेज बंद कर दिये गये। अप्रैल के मध्य में हीट वेब की चेतावनी जारी कर दी गयी। मौसम विज्ञानी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में लू की चेतावनी देने लगे हैं। निस्संदेह, मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे-धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे-धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। हो सकता है अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सके। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है। 1980 में पर्यावरण की संकट पर जिस चिंता को 20 साल बाद आने की भविष्यवाणी की गयी थी उसका क्रूर स्वरुप अब सामने आ चुका है। देखना होगा कि सभी देश इस संकट से कितनी गंभीरता से लेते हैं।

# भाजपा को झटका

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर नाराजगी जताने के बाद असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। कर्नाटक चुनाव के पहले इसे भाजपा के लिये बड़ा झटका माना जा रहा है। चुनाव के पूर्व इस प्रकार की पार्टी बदल निश्चित तौर पर देखी जाती है। लेकिन इस प्रकार की घटना से यह तो सिद्ध हो जाता है कि भाजपा में भी घात-प्रतिघात और एक दूसरे को नीचा दिखाने की परम्परा ने जड़ जमा लिया है। जब राज्यों के चुनाव होते हैं तो यह घात-प्रतिघात कांग्रेस और भाजपा में अधिक से अधिक होता है। इस कारण झारखंड सहित कई राज्य भाजपा के हाथ से निकल चुके हैं। झारखंड में सुदेश और सरयू राय प्रकरण इसके सबसे बड़ें उदाहरण में एक हैं। कांग्रेस की बुरी हालत का कारण भी इसी प्रकार की राजनीति थी और अब वही बीमारी से भाजपा भी ग्रस्त होती जा रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने पार्टी बनायी, उन्हें पार्टी से बाहर किया जा रहा है। 6 बार के विधायक शेट्टर (67) ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि वह भाजपा भी छोड़ देंगे। इसके बाद कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने शेट्टर की भाजपा छोड़ने के फैसले के लिए आलोचना की और कहा कि लोग उन्हें इस कदम के लिए क्षमा नहीं करेंगे। उत्तर कर्नाटक के एक प्रभावशाली लिंगायत नेता एवं हुब्बालि-धारवाड़ मध्य सीट से विधायक शेट्टर ने कहा कि कुछ लोगों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते इस बार उन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारने की साजिश रची। पार्टी में अपने योगदान को याद करते हुए, शेट्टर ने कहा कि उन्होंने पिछले 30 वर्षों से इसे बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम किया और भाजपा ने भी उन्हें पद और सम्मान दिया। उन्होंने कहा, मेरे काम की वजह से ग्रामीण इलाकों में पार्टी की मौजूदगी है।

# इतिहास बोध और राष्ट्रीय बोध के आधार पर बदलाव




**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं की पुस्तकों में कतिपय संशोधन किए गए हैं। इन पुस्तकों में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम बनाए जाते हैं। अध्ययन की दृष्टि से इतिहास, संस्कृति और दर्शन महत्वपूर्ण विषय माने जाते हैं। इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार है।

भारतीय इतिहास की शुरूआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत से सत का उद्भव हुआ। सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था। सृष्टि सृजन के शुरूआत के साथ गति हुई और गति से समय का जन्म हुआ। ऋग्वेद के ऋषि इसके भी पहले का वर्णन करते हैं, 'तब न सत था न असत था। भू, आकाश आदि भी नहीं थे। न दिन था न रात्रि। वायु भी नहीं थी।' यह भारतीय दृष्टि का इतिहास है। असिमोव ने वर्ल्ड क्रोनोलॉजी में बताया है कि अग्नि की खोज मानव जीवन की महत्वपूर्ण घटना है।

ऋग्वैदिक ऋषि अग्नि की खोज का श्रेय भारतीय पूर्वजों को देते हैं। कहते हैं, 'मनु ने मानवता के हित में अग्नि की स्थापना की। (1.36.19) मनु के बारे में कहते हैं, 'वह हम सब के पिता हैं।' भारत में इतिहास की ज्ञान उपासना प्राचीन है। इस इतिहास में अतीत के तथ्य काव्य रूप में हमारे सामने आते हैं। यह शैली लोकमंगल से जुड़ी प्रकृति की शक्तियों को देवता रूप देती हैं। लेकिन इतिहास के प्रति सजगता बनी रहती है। एक सुन्दर सूक्त (10.14.15) में कहते हैं, 'इदं नमः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृष्टभ्यः, ऋषिभ्यः - पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों को नमस्कार है। मार्गदर्शक ऋषियों को नमस्कार है।' पूर्वज पूर्वकाल में हुए थे और पूर्व काल का विवरण इतिहास है।

अथर्ववेद के पन्द्रहवें अध्याय में अथर्वा ने व्रात्य नाम के देवता का विवरण दिया है। वेदों में व्रात्य शब्द का अर्थ उच्चतर आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह विवरण इतिहास दृष्टि का सुन्दर उदाहरण है, 'व्रात्य ने उच्चतर स्थिति प्राप्त होते ही ब्रह्मा का मार्गदर्शन प्राप्त किया। ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की।' ऋषि व्रात्य की यात्रा का सुन्दर वर्णन करते हैं। सूक्त 6 में कहते हैं, 'उसने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। भूमि, अग्नि औषधियां, वनस्पतियां उसके अनुकूल हो गईं। जो यह तथ्य जानते हैं वह उक्त सभी तत्वों को अपने अनुकूल कर लेते हैं।' यहां समस्त भौतिक जगत को अपने अनुकूल करने की प्रेरणा है।



-हृदयनारायण दीक्षित

> कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं।

कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं। अथर्ववेद में इतिहास का यह उल्लेख ध्यान देने योग्य है। यहां इतिहास भी परिश्रमी व्यक्ति के साथ चलता हुआ बताया गया है।

हिन्दुओं पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप पुराना है। अलबेरुनी का आरोप था कि'हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के कालक्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।' निस्संदेह भारत में युद्धों आदि के विवरण का संकलन कालक्रमानुसार नहीं किया गया। वस्तुतः भारतीय इतिहासवेत्ताओं और पुराणकारों की दृष्टि भविष्य की ओर थी। हिन्दुओं ने इतिहास से प्रेरक और अनुकरणीय पात्रों को महत्व दिया है। वैदिक ऋषियों और पुराणकारों ने प्रेय और श्रेय को मंत्र बनाया। काव्य की तरह गाया। लोकस्मृति आखिरकार है क्या?

वस्तुतः यह इतिहास का ही स्वर्ण कोष है। श्रीराम भी राजा हैं। भारतीय इतिहास में ढेर सारे राजा हुए। लेकिन राजा रामचंद्र भारत की श्रुति में, गीत में, परस्पर बतरस में गांव-गली तक चर्चा पाते हैं। श्रीकृष्ण भी ऐतिहासिक नायक हैं। राम राज्य विश्व का आदर्श राज्य है। इतिहास के लाडले राजा हरिश्चंद्र भी महत्वपूर्ण नायक हैं। देश के प्रत्येक गांव-घर में हरिश्चंद्र नाम के हजारों लोग मिलते हैं। सवा अरब की जनसंख्या में ज्यादातर नाम राम, कृष्ण, हरिश्चंद्र जुड़े हुए हैं। राम प्रसाद, राम नाइक, राम भरोसे, राम बहादुर जैसे नाम इतिहास में हैं। और आधुनिक भारत में भी गांव गली तक चर्चित हैं प्राचीन भारत में इतिहास का नाम 'पुरावृत्त' था। यह अमरकोश में सुरक्षित है। उत्तर वैदिक काल की छान्दोग्य उपनिषद में नारद ने सनत कुमार को बताया था कि मैंने इतिहास और पुराण पढ़े हैं। कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि विश्वामित्र ने राम को पुरावृत्त सुनाया था। भवभूति और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। महाभारत भी इतिहास है। इस इतिहास में यक्ष प्रश्न हैं। ऋग्वेद इस इतिहास का प्राचीनतम विवरण है। इस इतिहास में ऋग्वेद है और ऋग्वेद में इतिहास है। सुदास वैदिक इतिहास के राजा हैं। दस राजाओं से सुदास का युद्ध हुआ था। यह बड़ा युद्ध था। (7.83.7) यह हजारों वर्ष प्राचीन इतिहास है। गीता के चौथे अध्याय के पहले व दूसरे श्लोक में इतिहासबोध है, 'हे अर्जुन यह योग पहले विवस्वान को दिया था। उन्होंने मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को। इतिहास की इसी परंपरा में राजऋषियों ने इस ज्ञान का प्रवाह बनाए रखा लेकिन दीर्घकाल में यह ज्ञान नष्ट हो गया। कृष्ण ने कहा वही ज्ञान मैं तुमको बता रहा हूं।' ऋग्वेद से लेकर महाभारत पुराणकाल तक का इतिहास प्राचीन ग्रंथों में सुरक्षित है। इससे भी ज्यादा वह भारत की लोक स्मृति में गांव-गली तक फैला हुआ है। इसके बाद मध्यकाल में मुगल सत्ता व आधुनिक काल में ब्रिटिश सत्ता है। इस इतिहास का विरूपण हुआ है। निष्पक्ष ही इतिहास आधुनिक पीढ़ी को जिज्ञासु विज्ञानी बनाएगा।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## खास बात

### स्टारशिप सिस्टम कब लांच होगा?

विशालकाय रॉकेट को अमेरिकी राज्य टेक्सास के बोका चिका में स्पेसएक्स स्पेसपोर्ट से सुबह 8:00 बजे सेंट्रल टाइम (1300 जीएमटी) पर लांच करने के लिए निर्धारित किया गया है। यदि सोमवार के लॉन्च में देरी होती है तो सप्ताह के अंत में रिजर्व समय भी निर्धारित किया गया है। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि यह एक अलग संभावना है।

मस्क ने रविवार को ट्विटर स्पेस पर एक लाइव कार्यक्रम में कहा, 'यह एक बहुत ही जोखिम भरी उड़ान है। यह एक बहुत ही जटिल, विशाल रॉकेट का पहला प्रक्षेपण है।' उन्होंने आगे यह भी कहा कि यह रॉकेट कई तरीकों से असफल हो सकता है। हम काफी सतर्क हैं और अगर कुछ भी चिंताजनक देखा जाता है, तो मिशन स्थगित कर दिया जाएगा।

लांच के बाद क्या होगा?

यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो सुपर हेवी बूस्टर लॉन्च के लगभग तीन मिनट बाद स्टारशिप से अलग हो जाएगा और मैक्सिको की खाड़ी में गिर जाएगा। वहीं छह इंजनों वाला स्टारशिप लगभग 150 मील की ऊंचाई तक उड़ेगा। यह प्रक्षेपण के लगभग 90 मिनट बाद पृथ्वी के निकट परिक्रमा को पूरा करेगा। मस्क ने कहा, 'अगर यह कक्षा में पहुंच जाता है, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।'

स्टारशिप के लांच से फायदा क्या होगा?

इसका इस्तेमाल मंगल ग्रह और वापस आने के लिए लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किया जाएगा जिसमें नौ महीने तक का समय लग सकता है। मस्क पेलोड क्षेत्र में लगभग 40 केबिन स्थापित करना चाह रहे हैं। मस्क ने कहा, 'यदि आप वास्तव में लोगों की भीड़ को भेजना चाहते हैं, तो आप प्रति केबिन पांच या छह लोगों की कल्पना कर सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ज्यादातर हम प्रति केबिन में दो या तीन लोगों को देखने की उम्मीद करेंगे, और मंगल ग्रह पर प्रति उड़ान लगभग 100 लोग भेजे जा सकेंगे।'

पेलोड सेक्शन में कॉमन एरिया, स्टोरेज स्पेस और एक शेल्टर भी होगा जहां लोग हानिकारक सौर तूफानों से बचने के लिए इकट्ठा हो सकते हैं। नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम में स्टारशिप भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर लंबे समय के लिए मनुष्यों को भेजना है।

# प्रेम की यात्रा

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**भक्ति** कोई शास्त्र नहीं है। भक्ति तो सच्ची श्रद्धा युक्त सच्चे प्रेम की एक यात्रा है जो स्वांसों के सत्य पथ पर चलते हुए हृदय सम्राट की मंजिल तक पहुंचती है। भक्ति कोई सिद्धांत भी नहीं है, भक्ति तो जीवन का रस है। भक्ति को समझकर आज तक कोई समझ नहीं पाया। भक्ति में डूबकर ही कोई भक्ति के राज को समझ पाता है। मस्तिष्क से ज्यादा करीब हृदय होता है और हृदय का भाव विचारों से कहीं ज्यादा करीब है। हृदय के समुद्र की लहरों से जो आंदोलन आता है वह रुलाता भी है, क्योंकि भक्ति आंसुओं के बहुत करीब है। जो रो न सके वह भक्त नहीं हो सकेगा। छोटे बच्चे की तरह जो असहाय होकर रो सके, वही भक्ति-मार्ग से गुजर पाता है। परतंत्रता का अर्थ है कि चित्त के ऊपर लोगों के द्वारा थोपा गया तंत्र, जिससे व्यक्ति को बांधा जाता है। यह जो बंधन है, निश्चित ही यह बंधन किसी को भी प्रीतिकर नहीं है। ऐसे बंधनों के प्रति सहज ही भीतर एक विरोध है।

ऐसे बंधनों को तोड़ देने की भीतर एक तीव्र बलवती आकांक्षा है। जब भी व्यक्ति मौका पाता है, ऐसे बंधनों को तोड़ता है। ऐसे परतंत्रता को तोड़ने से परतंत्रता के विरोध में, वह जो विद्रोही चित्त है, उससे स्वच्छंदता पैदा होती है। क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने से जो जीवन उपलब्ध होता है, उसका नाम स्वतंत्रता है। स्वतंत्र होना इस जगत में सबसे दुर्लभ बात है। स्वतंत्र वही हो सकता है, जो स्वयं को जानता हो।

## कॉर्टून वर्ल्ड

### पुतिन का हाल



## लेटर टू एडिटर

### नयी शिक्षा नीति

**निजी** व सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों में एक तरह के मापदंड लागू करने और फीस को लेकर पारदर्शिता कायम करने की मंशा स्वागत योग्य है, बशर्ते क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाई जाये। के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की समिति ने नई शिक्षा नीति का मसौदा तैयार किया है, उसे मंजूरी मिल गयी है। इसमें प्राइमरी से उच्च शिक्षा तक में बड़े बदलाव किये गये हैं। **-रविकांत, रांची**

### मस्क की योजना

यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो सुपर हेवी बूस्टर लॉन्च के लगभग तीन मिनट बाद स्टारशिप से अलग हो जाएगा और मैक्सिको की खाड़ी में गिर जाएगा। वहीं छह इंजनों वाला स्टारशिप लगभग 150 मील की ऊंचाई तक उड़ेगा। यह प्रक्षेपण के लगभग 90 मिनट बाद पृथ्वी के निकट परिक्रमा को पूरा करेगा। मस्क ने कहा, 'अगर यह कक्षा में पहुंच जाता है, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।'

अभिनंदनीय! क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को समर्पित यह निर्णय हमारी भाषाई विविधता-सांस्कृतिक एकता को सशक्त कर लाखों युवाओं हेतु चयन की संभावनाओं को बढ़ाएगा।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी और मा. गृह मंत्री जी का हार्दिक आभार!

**-योगी आदित्यनाथ**

## रोचक ट्वीट

**रांची** में आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी रोजेदारों को रमजान के पाक महीने की दिली मुबारकबाद दी।

**-हेमंत सोरेन, सीएम**





**प्रधानमंत्री** जीवन ज्योति बीमा योजना...20 रुपए सालाना प्रीमियम से 18 से 50 आयु वर्ग के बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता धारक लिए 2 लाख की जीवन बीमा... मृत्यु का कारण कोई भी हो...

**-महेश पोद्दार**

# कॉस्ट ऑडिट और मेक इन इंडिया



**अजयदीप बाधवा**

**देश** में रोजगार के अवसर बढ़ाने, राष्ट्रीय आय में वृद्धि करने, उत्पादों के मूल्य में कमी करने के साथ साथ इनकी आसानी से आम भारतीय को उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार ने ह्लमेक इन इंडियाह्व योजना का प्रारंभ किया। इसका उद्देश्य देश में ही उत्पादों को बनाकर उनके आयात में कमी करना भी था ताकि डॉलर के रिजर्व को कम होने से बचाया जा सके और आत्म निर्भर की परिकल्पना सच हो सके। पर मेक इन इंडिया को सफल करने के लिए यह भी आवश्यक कि जो उत्पाद भारत में बनने आरंभ हो उनका विक्रय भी हो। हम सब जानते हैं कि कोई भी कम्पनी किसी भी उत्पाद को स्टॉक में रखने के लिए नहीं, बल्कि विक्रय के लिए बनाती है। यदि उसके उत्पाद विक्रय नहीं होंगे तो कंपनी बंद हो जाएगी और सरकार का मेक इन इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजना भी फेल हो जायेगी। इस कारण उत्पादों को बनाने के साथ साथ उनका विक्रय बढ़ाना भी आवश्यक है। पर समस्या यह है कि भारतीयों की क्रय करने की क्षमता सीमित है। भारत तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था अवश्य है , पर अभी भी एतिहासिक कारणों से अधिकांश भारतीयों के पास विकसित देशों के नागरिकों की तुलना में कम आमदनी है और इस कारण वे महंगे उत्पाद नहीं खरीद सकते हैं। इसका सीधा सा तात्पर्य यह है कि अगर भारतीय उत्पादकों को अपने उत्पाद भारत में बेचने हैं तो उनकी उत्पादों की लागत और मुक्त को कम रखना होगा।

## आर्थिक



और इस बिंदु पर कॉस्ट ऑडिट की भूमिका समझ में आती है। कॉस्ट ऑडिट एक प्रक्रिया है जिसमें उत्पादक अपने उत्पादन के दौरान होने वाले तमाम लागत का विस्तृत विवरण नियमानुसार रखते हैं, जिसका कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) विश्लेषण कर कंपनी को यह बताते हैं कि कौन सी लागत सही है और कौन सी लागत अनावश्यक है। अनावश्यक लागत को कम करने या बंद करने का तरीका भी कॉस्ट ऑडिट के दौरान बताया जाता है। इस से उत्पादक अपने लागत को नियंत्रण कर मूल्यों को भी नियंत्रण में रख पाते हैं। यह पाया गया है कि जो कम्पनी लागत के विवरण को ठीक ढंग से रखती है और कॉस्ट ऑडिट करवा कर दिए गए सुझावों का पालन करते हैं तो उनका उत्पादन लागत काफी कम हो जाता है जिससे न सिर्फ कम्पनी का लाभ बढ़ता है, बल्कि उसके उत्पादों के मूल्य भी कम होते हैं और उनका विक्रय बढ़ जाता है। विकसित देशों ने कॉस्ट ऑडिट के महत्व को पहचान कर उनका पालन अपने देशों अनिवार्य कर दिया है पर भारत में इसके लिए जागरूकता कम पाई जाती है। भारत सरकार को चाहिए कि वह भारत की हर कंपनी में कॉस्ट ऑडिट को अनिवार्य कर दे ताकि अनावश्यक लागत को कम कर देश के संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और उत्पादों का मूल्य भी कम किया जा सकें। मूल्य कम होंगे तो आम व्यक्ति उत्पादों को खरीद पाएगा और सरकार का मेक इन इंडिया सफल हो पाएगा।

(लेखक वित/कर विशेषज्ञ, रांची)

# एक अस्वीकृत कहानी ने बलराज को बनाया अभिनेता

## बॉलीवुड

**अजय कुमार शर्मा**

बलराज साहनी ने अपने जीवंत अभिनय से जो भी भूमिकाएं की, उन्हें यादगार बना दिया। 'धरती के लाल' का गरीब किसान, 'दो बीघा जमीन' का हाथ से रिक्शा खींचने वाला मजदूर, 'हम लोग' का मुखर युवा बेरोजगार, 'हलचल' का उदार जेलर, 'काबुलीवाला' का भावुक पठान या फिर अपनी अंतिम फिल्म 'गरम हवा' का अभागा मुस्लिम व्यापारी आदि किरदारों को जब याद करते हैं तो हमें बलराज नहीं बल्कि ये किरदार ही सामने खड़े दिखाई देते हैं। बलराज ने अपने को इन किरदारों में इस तरह ढाला कि वह गायब हो गए और दर्शकों को उनके किरदार ही याद रहे आए।

दो बीघा जमीन की कलकत्ता में हुई शूटिंग के दौरान कई बार भीड़ ने उन्हें असली रिक्शाचालक समझकर ही व्यवहार किया। यह उनके स्वाभाविक हुलिए और बोल-चाल की वजह से ही हुआ, जिसके लिए उन्होंने स्वयं कड़ी मेहनत की थी। बंबई के जोगेश्वरी इलाके में उत्तर प्रदेश और बिहार के भैंस पालने वाले भैया लोगों की बस्ती में उन्होंने उन के खान-पान, पहनावे, बोलचाल का गहराई से अध्ययन किया।

बलराज ने 1934 में लाहौर से अपनी पढ़ाई पूरी करके कुछ दिन रावलपिंडी में अपने पिता का कपड़ों का व्यापार संभाला। इस बीच 6 दिसंबर, 1936 को उनकी शादी दमयंती से हुई। कुछ दिनों बाद ही उन्हें साथ ले वे फिर लाहौर आ गए। यहां से एक साप्ताहिक अंग्रेजी समाचार पत्र निकालने लगे । फिर दोनों पति-पत्नी कलकत्ता चले गए। यहां कुछ दिन लेखन कार्य करने के बाद 'अज्ञेय' की सिफारिश पर उन्हें शांति निकेतन में हिंदी अध्यापक की नौकरी मिल गई। दो साल यहां बिताने के बाद वे गांधी जी के वर्धा स्थित सेवाग्राम जा पहुंचे 'नई तालीम' पत्रिका के सहायक संपादक बनकर। यहां एक साल ही गुजरा था कि वे गांधी जी की अनुमति लेकर बी.बी.सी. लंदन में उद्घोषक बनकर इंग्लैंड चले गए। वे यहां चार साल तक रहे। यह द्वितीय विश्व युद्ध का समय था ।

1944 की गर्मियों में साहनी दंपत्ति इंग्लैंड से वापस लौटा। इंग्लैंड से वापसी के समय वे कुछ दिन बंबई में रुके। एक दिन बलराज की मुलाकात अचानक चेतन आनंद से हो गई, जिन के साथ लाहौर में पढ़ते हुए उन्होंने कई नाटकों में साथ-साथ काम किया था । चेतन से बातचीत के दौरान उन्हें जान कर खुशी हुई कि अब भारत में भी सभ्य समाज के लोग फिल्मों को उतनी बुरी नजर से नहीं देख रहे हैं। उन्हीं से उन्हें पता चला कि कृश्न चंदर, उपेंद्र नाथ 'अश्क', सआदत हसन मंटो, भगवती चरण वर्मा, जोश मलीहाबादी, अमृतलाल नागर, नरेंद्र शर्मा जैसे चोटी के लेखक बंबई में रहकर ही फिल्मों के लिए कहानियां और गीत लिखकर हजारों रुपये कमा रहे हैं। इंग्लैंड जाने से पहले बलराज साहनी की भी गिनती हिंदी के युवा कहानीकारों में होने लगी थी। उनकी कहानियां विशाल भारत' 'हंस' 'धर्मयुग' और अन्य पत्रिकाओं में नियमित रूप से छपती रहती थीं। फिल्मों के लिए लिखकर तो रोजी-रोटी कमाई ही जा सकती है। अभिनय की बात अभी तक उनके दिमाग में नहीं आई थी। बलराज ने चेतन का यह प्रस्ताव तुरंत स्वीकार कर लिया। इस तरह एक अस्वीकृत कहानी ने बलराज का फिल्मों में अभिनय करने का रास्ता खोल दिया। सितम्बर 1944 में बलराज, दमयंती और दोनों बच्चों के साथ बंबई, चेतन आनंद के घर जा पहुंचे।

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक
प्रधान संपादक
**अभय कुमार सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
स्थानीय संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन :0651-2974033
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बाजार समिति प्रांगण में प्याउ का उदघाटन



**रामगढ़।** बाजार समिति के प्रांगण में सोमवार को प्याउ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बाजार समिति के सेक्रेटरी वसीम अहमद, समाज सेवी अमित सिन्हा, विजय मेवाड़, विमल बुधिया मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्याउ का उदघाटन किया। कहा कि प्याउ के आरंभ होने से गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत मिलेगी। क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। अतिथियों ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। प्याउ का शुभारंभ जीतू अग्रवाल एवं कृष्णा प्रसाद अग्रवाल के सौजन्य से किया गया है। मौके पर नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, सीए अजीत जायसवाल, अरूण राय, जितेंद्र सिंह पवार, मनोज मंडल, निलेश गुप्ता, कृति गौरव, विनोद पंकज, रंजन सिंह फौजी, नीरज सिंह, भोलू अग्रवाल, संजय मौजूद थे।

### दिल्ली विवि में टॉपर बनी दारू की श्रुति



**दारू।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में सत्यवती कॉलेज अशोक विहार, दिल्ली की इंगलिश स्नातक की परीक्षा में कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है दारू की श्रुति सिन्हा। वह दारू निवासी इंद्रजीत कुमार सिन्हा उर्फ इंदु बाबू की पुत्री है। श्रुति ने बताया कि उसकी प्रारंभिक पढ़ाई मिशन स्कूल पिपचो में हुई जहां से पांचवीं क्लास में वह डीएवी स्कूल हजारीबाग में पढ़ाई करने लगी। इंटर के बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी में सत्यवती कॉलेज की छात्रा बनी और अब उसने इंग्लिश से स्नातक में कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी।

### महिला संघ ने मनाया वार्षिकोत्सव

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजना की महिला विंग जागृति महिला संघ ने वार्षिकोत्सव 2023 का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि परियोजना मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद माल्यार्पण कर किया। वार्षिकोत्सव 2023 के मौके पर जागृति महिला संघ की सदस्यों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए संगीत, नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। मौके मुख्य अतिथि शिवम श्रीवास्तव, जागृति महिला संघ अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव, एनटीपीसी के अधिकारीगण एवं लेडीज क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### चरही : जल जीवन मिशन को लेकर बैठक

**चरही।** जल जीवन मिशन योजना को लेकर चरही पंचायत सभागार में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें 5 पंचायत के जलसहिया एवं मुखिया उपस्थित हुए। मुखिया संघ के अध्यक्ष बहेरा मुखिया देवकी महतो ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर पाइप लाइन से संबंधित समस्याओं का उजागर हुआ है, उस पर त्वरित कार्यवाही के लिए श्री महतो ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी को लिखित पत्र दिया गया है। साथ ही जलसहियायों का प्रोत्साहन राशि देने के लिए विभाग को पत्र लिखकर अनुशंसा की है। बैठक में हेंदेगढ़ा मुखिया गिरजा देवी, इंदिरा मुखिया राधिका देवी, चनारो मुखिया ब्रजबिहारी महतो, चरही मुखिया संझली मुर्मू, चरही उपमुखिया अभिजीत सिंह, सपोर्ट एवं सिनी टाटा ट्रस्ट से शहजादा उस्मान राहुल कुजुर, प्रवचन भारती सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### जमीन के पैसे लेकर रजिस्ट्री से इनकार

**दारू।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहप्पा में जमीन की खरीद बिक्री को लेकर एक जालसाजी का मामला सामने आया है। इस मामले में भुक्तभोगी ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। इस बारे में पीड़ित राजीव रंजन मिश्र पिता संत कुमार मिश्र ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि बनाहप्पा में उसका अंडा मुर्गा का हेचरी है। भुक्तभोगी ने मुफस्सिल थाना में मनोज के खिलाफ जालसाजी कर उसकी रकम हड़पने का आरोप लगाया है साथ ही उसने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### ट्रेन चलने की घोषणा के बाद बरही में ट्रेन का हो ठहराव, नहीं तो आंदोलन



**बरही।** रेलवे स्टेशन परिसर बरही में भाजपा के बैनर तले वंदे भारत एक्सप्रेस और मधुपुर रांची इंटरसिटी ट्रेन का बरही स्टेशन में ठहराव हेतु भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष इशो सिंह, संरक्षक कामता सिंह, सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे, उपसचिव रामचंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष नकुलदेव राणा, मीडिया प्रभारी कृष्णा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अगुवाई संयुक्त रूप से ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू ने किया।

# ईद के चांद का इंतजार, लोग जमकर कर रहे हैं खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**केरेडारी।** अल्लाह तआला की रहमतों और बरकतों के पाक रमजान माह का तीसरा अशरा शुरू हो चुका है। केरेडारी प्रखंड अनेक मस्जिदों में एतकाफ पर बैठ गये हैं। अब ये अकीदतमंद ईद की चांद नजर आने तक दुनिया से बेखबर रहकर अल्लाह तआला की इबादत करेंगे। ईद की चांद दिखने के बाद ही मस्जिद से बाहर निकलेंगे।

रमजान के इस अशरे में अल्लाह तआला की इबादत करने से जहन्नुम से आजादी हासिल होती है। दिनभर रोजे से रह पांच वक्त की नमाज, शाम को इफ्तार की तैयारी, मगरीफ की नमाज और फिर रात को ईशा की नमाज के बाद तराबी यानी रात करीब 11 बजे तक इबादत का दौर चलता है। इस दौरान रात में लोग मुश्किल से तीन से चार घंटे सो पाते हैं। ईद की खुशियां मनाने की मुकम्मल तैयारी होगी। रोजेदार कुरआन की तिलावत कर रहे हैं। रोजा संयम से रहना सिखाता है। रोजों के दौरान अल्लाह से सच्चे दिल से गुनाहों की तौबा करनी चाहिए। बुरे लोगों से दूर रहना चाहिए।



**बदली दिनचर्या**

रमजान उल मुबारक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोगों की दिनचर्या बदल गयी है। रोजेदार शिद्दत से रोजे रखकर व इबादत कर नेकी व रब का कुर्ब हासिल कर रहे हैं। अलसुबह तीन बजे उठ सहरी के साथ ही लोग रब की इबादत में जुट जाते हैं।

**चांद का है शिद्दत से इंतजार :** ईद से एक दिन पहले की रात को चांद रात के नाम से जाना जाता है। एक माह तक रोजा रखने वालों को ईद के चांद का शिद्दत से इंतजार है। घरों में ईद की तैयारियां परवान पर है। इस्लामी युवा जमात के कार्यकर्ता व रोजेदारों ने बताया कि अब ईद के पांच दिन से भी कम शेष रह गए हैं। बाजारों में खरीदारी परवान पर है। मीठी ईद होने की वजह से अन्य समुदाय के लोगों में भी पर्व को लेकर उत्साह है।

# सत्संग में मात्र 17 मिनट में संपन्न हो गयी दहेजमुक्त शादी चर्चा का विषय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** रविवार को संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में रामगढ़ जिले के दुलमी क्षेत्र के ढुठुवा में अनोखी शादी संपन्न हुई। जिसमें किसी भी प्रकार का आडंबर नहीं हुआ। जहां आजकल शादियों की व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं जिससे लड़की पक्ष कई साल तक कर्ज के बोझ में दब जाता है। वहीं, जिले में एक अनोखी शादी हुई, जिसमें किसी भी प्रकार का तामझाम नहीं हुआ। शादी सादगीपूर्ण ढंग से हुआ।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### सैरात बन्दोबस्ती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत सरकारी बस स्टैण्ड की बन्दोबस्ती की प्रक्रिया डाक बोली के दिनांक के अगले दिन से दिनांक 31.04.2024 तक के लिए खुली निलामी बन्दोबस्ती प्रक्रिया के द्वारा दिनांक 25.04.2023 को 12.30 बजे अपराहन को होगी। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2023-24 की बन्दोबस्ती राशि (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक) | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 25%) |
|---|---|---|---|
| 1 | सरकारी बस स्टैण्ड | 15,00,000/- | 3,75,000/- |

नोट :- डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 295249 District(23-24).D


# समस्याएं सुन सांसद जयंत सिन्हा ने दिया समाधान का भरोसा

# शीघ्र हटाये जायेंगे देवचंदा मोड़ से गौरियाकरमा तक बने ब्रेकर

- निर्माणाधीन पेयजलापूर्ति योजना को लेकर ग्रामीणों ने रखी अपनी बात
- ग्रामीणों के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता रहे शामिल
- नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में ग्रामीणों को मिल रहा कई योजनाओं का लाभ : सांसद जयंत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता



संबोधित करते हजारीबाग से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा।

**बरही।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक किया। इस दौरान भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। वहीं सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राज सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से किया। उक्त बैठक में सांसद जयंत सिन्हा के समक्ष ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि गौरियाकरमा चौक के पास कई वर्ष पूर्व बने पीएचईडी पेयजल जलमीनार की स्थिति जीर्णशीर्ण स्थिति में है।

**खास बातें :** गर्मी के दिनों में क्षेत्र में पानी की समस्या गंभीर हो जाती है। जलमीनार बनने के बावजूद भी ग्रामीणों को इसका लाभ नही मिल रहा है। ग्रामीणों ने जलमीनार को पुनः व्यवस्थित कर पानी सप्लाई की मांग की। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि देवचंदा मोड़ से गौरिया करमा चौक तक ग्रामीणों ने कई ब्रेकर बना दिया है, जिससे कई सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने सभी ब्रेकर को हटाने की बात रखी। साथ ही ग्रामीणों ने निचितपुर से बराकर नदी सड़क निर्माण की भी मांग की। ग्रामीणों ने गोरक्षणी में पुल निर्माण तथा सड़क, नली, गली, राशन आदि समस्याओं को भी सांसद जयंत सिन्हा के समक्ष रखा। सांसद ने सभी समस्याओं एवं मांगों को ध्यानपूर्वक सुन जल्द पूरा करने का भरोसा दिया।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।
### ई0निविदा आमंत्रण सूचना।

ई0निविदा संख्या - WRD/MID/Latehar F2 - 48/2022-23
पत्रांक 256 लातेहार/दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चटुआँग मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड - चंदवा, जिला - लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 48.747 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, रॉची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565-248380 |
| | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोट :- 1. केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. इस निविदा का PR No 292344/22-23 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 295223 Water Resource(23-24)D


# संविधान की प्रस्तावना वाचन प्रतियोगिता व निबंध प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में विगत दिनांक 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था। उक्त प्रतियोगिता में संविधान का प्रस्तावना वाचन प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को आज विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए पुरस्कृत किया। अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। मौके पर विद्यालय के भैया -बहन एवं आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

### डॉ एचके सिंह को न्याय दिलाने एकजुट रहेंगे कोयलांचलवासी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मांडू प्रखंड के रउता स्थित डॉ एचके सिंह की जमीन पर अवैध कब्जा और उन्हें धमकी देने मामले को ले सोमवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया अजय पासवान ने किया। बैठक में भुरकुंडा सहित आसपास के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान मामले पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ एचके सिंह से जमीन और पूरे मामले से संबंधित दस्तावेजों के साथ संबंधित अधिकारियों से मिलकर कानूनी तरीके से जमीन को कब्जा मुक्त कराया जायेगा। साथ ही जान से मारने की धमकी देने वाले पर कानूनी कार्रवाई करायी जायेगी। रामगढ़ एसपी को डॉ एचके सिन्हा ने आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


## DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI
## Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008

### Request for Proposal-Notice

RFP Reference No.: Agri/01/2023-24Dated: 13.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Very Short Tender for Request for Proposal for Development and Maintenance of Online Application Process of PDMC (Per Drop More Crop) Scheme Under RKVY Cafeteria (Rashtriya Krishi Vikas Yojana) for 2023 -24 to 2027-28 |
| 2 | Time of completion | 9 weeks |
| 3 | Document Fee | INR 10000 (Rupees Ten thousand only) Only demand draft to be made in favour of Director Agriculture Jharkhand payable at Ranchi. Note: DD should only be made from any nationalized bank. |
| 4 | Date of publication of RFP on website | 17.04.2023 from 05:00 pm. |
| 5 | RFP downloading start date | 17.04.2023 from 05:00 pm. |
| 6 | Date & Place of Pre-Bid Meeting | 19.04.2023 at 04:00 pm at Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008. |
| 7 | Last date and time for online submission of RFP | 25.04.2023 upto 03:00 pm |
| 8 | Last date of submission of hard copy of RFP document cost | 25.04.2023 upto 03:00 pm |
| 9 | Date and place of technical bid opening of the RFP | 26.04.2023 at 04:00 pm Directorate of Agriculture, 1st Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 |
| 10 | Name and Address of the tender inviting Authority | Chandan Kumar, I.A.S. Director Agriculture, Jharkhand, Ranchi |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 9835345613/9431159401 |
| 12 | Helpline no. of procurement cell | 0651-2233549 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 295329 Agriculture(23-24)#D


# दारू : वारंटी के घर की गयी कुर्की जब्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** इरगा पंचायत के बड़का इरगा निवासी पिंटू प्रसाद पिता मदन महतो, मुंदरी देवी पति मदन महतो, मदन महतो पिता चीतों महतो के खिलाफ पिंटू प्रसाद की पत्नी ने अपने पति और ससुर और सास के खिलाफ मुफस्सिल थाना 2010 में मामला दर्ज किया था। जिसमें कांड संख्या- 194/10 जी आर 815/10, जिसमें विभिन्न धारा- 147/ 148/ 149/ 323/ 379/ 120 बी आई पी सी एंड 3/4 डी पी लगाया गया था। मामला दर्ज के बाद से तीनों आरोपी अपने घर बड़का इरगा से फरार है। अदालत से बार बार उपस्थित होने का नोटिस दिया गया लेकिन एक भी नोटिस पर कोर्ट में उपस्थित नही हुए। जिसके बाद कोर्ट के द्वारा कुर्की जब्ती का

# कुजू-मुरपा फोरलेन पर बस ने खड़े ट्रेलर में मारी टक्कर, एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा पंजाबी ढाबा स्थित फोरलेन सड़क पर सोमवार को यात्री बस ने पीछे खड़े ट्रेलर में जाकर जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि कंडक्टर साइड में बैठे एक यात्री की मौत हो गई जबकि 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद पहुंची कुजू पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में एक यात्री प्रमोद श्रीवास्तव पिता रामअवतार श्रीवास्तव सौंदा डी भुरकुंडा की मौत हो गयी। जबकि दुर्घटना में घायल 6 यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार गोलू रथ नामक यात्री बस (जेएच 02एक्यू-5753) हजारीबाग से यात्रियों को लेकर रामगढ़ की और जा रही थी। इसी दौरान मुरपा पंजाबी ढाबा के पास सड़क पर कुछ देर पहले खडी ट्रेलर (जेएच 02 एएच-1561) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,चतरा

### सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त सुखदेवनगर थाना कांड सं0-13/2017, दिनांक-07.01.2017, धारा-414/420/467/ 468/471/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 राजन वर्मा, पे0-कन्हैया राम, सा0-नियर चतरा छठ तालाब, थाना-सदर, जिला चतरा का द0प्र0सं0 की धारा-82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri kr. Saurabh Tripathi
J.M-III, Ranchi
Schedule XLIII- High Court(M) 31c, [Old Criminal Process No.4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
SUKHDEV NAGAR-13/2017
[From No.4 Schedulle II Act 2 1974] (Section 82 of the code of criminal procedure.)
एक मत्तहम शखस को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 82 मजमुअए जबाबिते फौजदारी)

1. नाम व शिाला पता — चूकी मेरे पास नालिश की गई है(1)
Rajan Verma S/o- Kanhaiya Ram, Vill-Near Chatra Chhat Talab, P.S-Sadar, Dist-Chatra
2. किया है या करने का उसपर शुबहा है। — जो व-मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा लायक है(2)
3. नाम — और व-तामीला वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)
4. फरार हुआ है या रूपोश है उसपर जारी न हो सके — धारा-414/420/467/ 468/471/34 भा0द0वि0 ताके वारन्ट मजकुर पाये नही जाते है और चूंकि ब-तश्फ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3) जब
5. मोकाम। — Near Chatra Chhat Talab, P.S-Sadar, Dist-Chatra मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब-मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ-हजुर(6)

ब-तारीख 15.05.2023 माह नालिश-मजकुर को जवाबदेही के लिए हाजिर हो आज तारीख 28.03.2023 माह सन Sd- Sri Kr. Saurabh Tripathi J.M, III, Ranchi

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अप्रा0 अभि0 निर्मल कुमार महतो कही मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Court of Sri Kr. Saurabh Tripathi J.M, III, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दे या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दे।

पुलिस अधीक्षक चतरा- 9431706359
पुलिस उपाधीक्षक(मु0)- 9431706360
डी0सी0बी0 प्रभारी चतरा- 9315853606

पुलिस अधीक्षक,
चतरा

PR 295242 Police(23-24).D


## जेएसएलपीएस जोहार परियोजना अंतर्गत जोहार एग्री मार्ट का विधायक ने किया उद्घाटन, बोलीं

# उन्नत कृषि को मिलेगा बढ़ावा

- बाजार से कम दर पर सामान होंगे उपलब्ध, मार्ट में मार्केट से उचित मूल्यों में बीज, कृषि सामग्री प्राप्त कर सकेंगे किसान

खबर मन्त्र संवाददाता



एग्री मार्ट का फीता काटकर उद्घाटन करतीं विधायक अंबा प्रसाद।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड स्टेट लाईव लीहूड प्रोमोशन सोसाईटी द्वारा संचालित अतिमहत्वाकांक्षी जोहार परियोजना अंतर्गत रजरप्पा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफपीसी द्वारा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने व महिलाओं द्वारा स्थापित/संचालित जोहार एग्री मार्ट सह ग्रामीण व्यापार केंद्र का सोमवार को मतकमा चौक भुरकुंडा में उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया।

जोहार एग्रीमार्ट में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने, बाजार से कम दर पर सामान उपलब्ध कराने की कवायद की गयी है। उपलब्ध सेवाओं में उत्तम खाद बीज, कृषि यंत्र सुविधा, मौसम की जानकारी, बाजार सुविधा, मिट्टी जांच, मछली, पशु चारा आदि शामिल हैं। इस मार्ट में मार्केट से उचित मूल्यों में बीज, कृषि सामग्री प्राप्त कर सकेंगे एवं सकल लाभ महिला किसानो को लाभांश के रूप में प्रदान किया जाएगा। साथ ही साथ बिचौलिए से किसानो को बचाना भी एक मुख्य उद्देश्य है जिसका सीधा लाभ किसानों को प्राप्त होगा।

**खास बातें :** यह किसान उत्पादन कंपनी रामगढ़ जिला के तीन प्रखंड पतरातू, मांडू और गोला में कार्यरत है, जो किसानो को खाद, बीज व अन्य कृषि संबंधित सुविधा प्रदान करना एवं बाजार उपलब्ध कराने में प्रयासरत है। मालूम हो कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत झारखंड स्टेट लाईवलीहूड प्रोमोशन सोसाईटी द्वारा संचालित जोहार एग्रीमार्ट द्वारा किसानों को कृषि संबंधित बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं कृषि उपकरण इत्यादि उचित मूल्यों पर उपलब्ध कराया जायेगा। अभी वर्तमान में जोहार परियोजना द्वारा पतरातू प्रखंड के कुल 23 पंचायतों के 55 ग्रामो में 55 उत्पादक समूह बनाकर उन्नत कृषि, बैकयार्ड पॉल्ट्री, मत्स्य पालन एवं गतिशील सोलर सिंचाई, लिफ्ट सिंचाई हेतु अनुदान राशि एवं तकनीकी प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करा रही है, जिससे प्रखंड के कुल 4192 महिला किसान लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही सभी निबंधित महिला किसानों द्वारा ईपीओ का निर्माण किया गया है, जो रजरप्पा किसान महिला प्रोड्यूसर कंपनी (आरकेपीसीएस) के नाम से निबंधित

### राहगीरों को भयभीत कर रहा बाइक सवारों का स्टंट

**बिष्णुगढ़।** प्रखंड में सड़कों पर बाइक सवारों का रोमांच अन्य बाइक सवारों और पैदल चलते राहगीरों को भयभीत कर रहा है। हर दिन बिष्णुगढ़ की तंग गलियों से लेकर मुख्य सड़क पर ट्रिपल लोड बैठ कर बाइक चालक फूल रफ्तार में चलते देखे जा सकते हैं। अपनी जान जोखिम में डालने के साथ दूसरे पैदल यात्रियों व बाइक चलको के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। स्टंटबाजों में ज्यादातर युवा वर्ग देखे जा रहे हैं। सात कॉलेज रोड, बेडा हरियारा रोड, करंज मोड़ के रोड समेत विष्णुगढ़ थाना के सामने से बाइक स्टंट बाज पूरे तेज आवाज करते फर्राटेदार और फूल स्पीड से गुजरते हैं। आलम यह है कि इन बाइक स्टंटबाजों में ज्यादातर कम उम्र के युवक शामिल हैं।

### पांच दिवसीय अनुष्ठान का समापन

**इचाक।** प्रखंड के पावन धरती असिया गांव के शिव मंदिर के प्रांगण में पांच दिवसीय महामृत्युंजय जाप पांच ब्राह्मणों ने असिया गांव में किया। आचार्य महेंद्र पांडे, उपाचार्य गौतम पांडे, प्रमोद पांडे मानगढ़ हजारीबाग आनंदपुरी निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र सौरभ सिंह का महामृत्युंजय जाप पूर्णाहुति असिया मंदिर में कराया।


## झारखण्ड अग्निशमन सेवा
## बिजली से होनेवाली आगजनी से बचाव के लिए सावधानियाँ

**क्या करें:-**
- आई0एस0आई0 प्रमाणित उपकरणों का ही प्रयोग करें।
- सही रेटिंग वाले गुणवत्ता पूर्ण फ्यूजों, छोटे-छोटे सर्किट ब्रेकरों और अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकरों का उपयोग करें।
- एक उपकरण के लिए एक ही सॉकेट का प्रयोग करें।
- आग से प्रभावित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति होनवाले स्वीच को ऑफ कर दें।
- फ्यूज और स्विचों को धातु के बॉक्स के उपर फिट किया जाना चाहिए जिससे आग से बेहतर सुरक्षा मिलती है।
- टूटे हुए प्लगों और स्विचों को तत्काल बदल दें।
- बिजली के तारों को गर्म और भींगी सतहों से दूर रखें।
- उपकरणों को उपयोग में लाने के बाद उनका स्वीच ऑफ कर दें और सॉकेट से प्लगों को निकाल दें।
- लम्बे समय के लिए घर को छोड़कर जाते समय मेन स्विच ऑफ कर दें।

**क्या नहीं करें :-**
- घटिया किस्म के विद्युत उपकरणों का उपयोग कदापि नहीं करें।
- अस्थायी वायरिंग कभी न करायें या वायरिंग में जोडों को कभी खुला न छोड़ें।
- कालीन, चटाई या पायदान के अंदर से तारों को नहीं बिछायें। तार टूट सकते हैं जिनके कारण शॉट सर्किट हो सकता है।
- उपकरणों के कॉड्स को कभी लटका हुआ नहीं रहने दें।
- सॉकेट में कभी भी नंगा तार नहीं डालें।
- एक हीं प्लग से मल्टी वायर न ले जाये जॉय।

महानिदेशक,
अग्निशमन सेवा, झारखण्ड, रॉची।

PR.NO.295272 Jharkhand Fire Service(23-24):D

### ईद उल फितर के लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# भ्रामक प्रचार व सूचनाओं की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** ईद उल फितर (ईद) को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक सूचना भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। जिसका अनुसरण करना सबका कर्तव्य है। उन्होंने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा समुचित व्यवहार का अनुपालन करते हुए ईद मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के अवसर पर जिले की सभी मस्जिदों एवं इमामबाड़ों के आसपास की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर परिषद को दिया। साथ ही उपायुक्त ने ईद के अवसर पर आमजनों से मदिरा एवं नशा युक्त पदार्थों का सेवन नहीं करने की अपील की। उन्होंने अधिक भीड़-भाड़ वाली मस्जिदों के पास चलंत स्वास्थ्य उपचार वैन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को निर्देश दिया। 22 एवं 23 अप्रैल को ईद उल फितर का नमाज अदा किया जाएगा। जिसे देखते हुए उपायुक्त ने जिले भर में बिजली एवं



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य

पानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार पानी के टैंकर को भी तैयार रखने की बात कही। पर्व के माहौल में बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिलेगी। जिसे देखते हुए ट्रैफिक को नियंत्रित करने हेतु तैयारी करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ.एहतेशाम वकारिव ने पर्व के दौरान सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने की अपील की एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से जिले भर में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। बैठक के अंत में दुखद घटना से सभी शांति समिति के सदयों को अवगत करवाते बताया गया कि पिछले सप्ताह शांति समिति के एक सदस्य मोहम्मद सलीम खान की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिसके लिए उपायुक्त सहित सभी शांति समिति के सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन रखते हुए मोहम्मद खान की आत्मा की शांति के लिए कामना की गई। बैठक में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक डॉ. एहतेशाम वकारीब, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम शमदानी,पुलिस उपाधीक्षक गुमला, शांति समिति के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद जांच शिविर का आयोजन

### सेनीटाइज के बाद कार्यालय बंद



जांच के लिए लाइन में खड़े कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को कोरोना जांच शिविर आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट शंकर भगत के नेतृत्व में मेडिकल टीम के द्वारा प्रखंड और अंचल कार्यालय में उपस्थित बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा,सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता सहित सभी कर्मियों सहित प्रखंड कार्यालय आनेवाले कुल 45 लोगों का एंटीजन टेस्ट किया गया। ज्ञात हो की शनिवार को अंचल कार्यालय मे कार्यरत ऑपरेटर कोरोना पॉजिटिव मिलने के बाद प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों भय व्याप्त था। यह जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा व मौजूद मेडिकल टीम ने पॉजिटिव पाए गए ऑपरेटर को होम आइसोलेशन में जाने की सलाह देते हुए स्वास्थ्य संबंधित जरूरी निर्देश दिए। ताकि वे लोग जल्द से जल्द स्वस्थ होकर पुनः अपने दिनचर्या में जीवन यापन व्यतीत कर सकें। साथ ही बीडीओ ने मेडिकल टीम को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पॉजिटिव पाए गए कर्मी के घरों के इर्द गिर्द सैनिटाइजेशन कराने और नियमित रूप से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी लेते रहने को कहा। बीडीओ ने कहा की कोरोना से लोगो को डरने की जरूरत नही है। सही देखभाल व दवा के सेवन से कोरोना जल्द ठीक हो जायेगा ।

## योजनाओं में हेरफेर कर पंचायत के पैसे का किया जा रहा बंदरबांट

**कुडू /लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के सुंदरु पंचायत में विकास योजनाओं के नाम पर पंचायत के पैसों का बंदरबांट करने में पीछे नहीं रह रहे जनप्रतिनिधि। मामला सुंदरू पंचायत के विश्रामगढ गांव का है जहां दो लाख उन्चास हजार आठ सौ की लागत से नाली का निर्माण किया गया है। 15वे वित की राशि से योजना हरी मुंडा के घर से फिरोज अंसारी के घर तक लगभग 210 फिट नाली निर्माण का है। योजना के आधार पर नाली का निर्माण हरी मुंडा के घर से फिरोज अंसारी के घर तक होना है पर इसका निर्माण हरी मुंडा के घर से लिटवा मुंडा के घर तक किया गया है। योजना पट भी योजना के नाम से अलग लिखा गया है। योजना के अध्यक्ष संजय पहान है जो पंचायत के ग्राम प्रधान है और नियम के तहत ग्राम प्रधान किसी भी योजना के अध्यक्ष नही हो सकते है। कुल मिला कर पंचायत के जनप्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत सचिव पंचायत के पैसों का बंदरबांट करने में लगे हुए है। मामले को लेकर बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा की पंचायतों में पैसा विकास योजनाओं के लिए है।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार प्रसार हेतु निकाली गई प्रभात फेरी

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के लिए एक वरदान: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बेटियों को शिक्षित करने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का संचालित किया गया है। जो बालिकाओं के बीच में पढ़ाई को छोड़ने एवं बाल विवाह को रोकने की दिशा में भी यह योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। उक्त योजना से और भी किशोरियों को जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को एसएस बालिका विद्यालय गुमला से प्रभात फेरी निकली गई। जिसमें मुख्य रूप के उपायुक्त सुशांत गौरव, डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला परिषद उपाधीक्षक, सी 3 स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि सहित आंगनवाड़ी सेविकाएं, विद्यालय के शिक्षक शामिल हुए। प्रभात फेरी एसएस बालिका विद्यालय से शुरू होते हुए पटेल चौक से डेली मार्केट होते हुए नगर भवन होकर वापस विद्यालय तक आयी। इस दौरान एसएस बालिका विद्यालय की सैंकड़ों बच्चियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया एवं सभी बच्चियों ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के नाम का टी शर्ट पहने हुए सभी आस पास के लोगों को जागरूक किया। बच्चियों ने बेटी को मत समझो भार, जीवन का है ये आधार, बेटी को पढ़ना है, सावित्री बाई योजना से लाभ उठाना है जैसे नारे लगाते हुए शहर भर के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। प्रभात फेरी में शामिल उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के लिए एक वरदान है। बेटियों को आगे बढ़ाने, उन्हें प्रशिक्षित करने एवं उन्हें सशक्त करने हेतु यह योजना एक पहल है। उन्होंने उक्त योजना से अधीक से अधिक बच्चियों को जोड़ने की अपील की। साथ ही उन्होंने इस योजना के बारे में जन जन तक जानकारी देने की बात कही।



प्रभात फेरी में शामिल छात्राएं

# पूंजी की कमी व बाजार का अभाव में विलुप्त हो रहा है डोकरा कला

संदीप गुप्ता

**भंडरा।** सरकार पुराने कला संस्कृति को बचाने को लेकर बड़ी बड़ी योजनाए चनाने का दावा करती है पर देश की प्रसिद्ध डोकरा कला विलुप्त होता जा रहा है। प्रखंड मे डोकरा कला संस्कृति के लिए जाना जाने वाले भंडरा मलार टोली के लोग अपनी कला को बचाने के लिए कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह समुचित पूंजी की कमी व बाजार का अभाव होना है। बाजार की कमी के कारण डोकरा कलाकार अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। ऐसे में डोकरा कला के अधिकांश कलाकर रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेश पलायन को मजबूर हैं। भंडरा के कई मलार विकास भारती बिशुनपुर द्वारा आयोजित स्टॉलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। मलार बस्ती निवासी जनक मलार कहते हैं कि बस्ती के सभी घरों में डोकरा कला का काम किया जाता था। इसके तहत पईला, घुंघुर, राधा-कृष्ण मूर्ति, हिरण, हाथी सहित कई सामग्री तैयार किए जाते थे, पर पूंजी व बाजार के अभाव में अधिकतर लोग इस कला से नाता तोड़कर दूसरे प्रदेश पलायन कर रहे हैं। फिलहाल बस्ती में सिर्फ पईला ही बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड या जिला प्रशासन उनकी मदद करे तो एक बार फिर से अपने पूर्वजों के कार्यों को निखारने का प्रयास किया जाएगा। डोकरा कला के माध्यम से न सिर्फ कई परिवारों को रोजगार मिलता था, बल्कि यह लोगों के लिए पहचान का विषय भी था, पर धीरे-धीरे बाजार व पूंजी के अभाव में कला विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है।





डोकरा कला का नमूना के साथ कलाकार, बदहाली में दिन गुजारते परिवार के साथ जनक

# जलापूर्ति समस्या को लेकर भाजपाईयों ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

### अविलंब समस्या समाधान करने की मांग, जल्द सुधार नहीं होने पर दिया आंदोलन की चोतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** शहर में व्याप्त पेयजल आपूर्ति समस्या को लेकर सोमवार को गुमला नगर मंडल भाजपा के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अविलंब समस्या समाधान करने की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री एवार्ड के लिए जिले का चयन होने पर उपायुक्त श्री सुशांत गौरव को बधाई भी दी। झारखंड राज्य के इतिहास में पहली बार प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का किताब गुमला जिले के उपायुक्त श्री सुशांत गौरव को प्राप्त हुई है। इस दौरान भाजपाईयों ने विगत कई दिनों से शहर में विद्युत आपूर्ति एवं जलापूर्ति की व्यवस्था चरमरा जाने पर गुमला नगरवासियों को हो रही परेशानियों और समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया गया। बिजली पानी सेवा सुचारू रूप से बहाल करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने के लिए कहा गया। समस्याओं का निदान नहीं होने पर भाजपा के



डीसी को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता

## कदमटोली मुहल्ले में पेयजल व्यवस्था चरमरायी, दो चापाकल में दोनों हैं खराब

**गुमला।** मिशन बदलाव का वार्ड का सवाल वार्ड का सरकार अभियान सोमवार को वार्ड नंम्बर एक स्थित दुंदुरिया सोसो मोड़ कदमटोली में संचालित किया गया। अभियान के दौरान मुहल्लेवासियों के साथ मिशन बदलाव के नगर सचिव विनय गोप, महिला नगर सचिव ज्योति ग्लोरिया कुजूर एवं चंदकला टोप्पो व लखन ने बैठक की। जहां मुहल्लेवासियों ने बताया की उनके मुहल्ले में दो चपाकल है और दोनों ही खराब है। जिसको लेकर विभाग एवं वार्ड पार्षद को कई बार अवगत कराया गया लेकिन उसे ठीक नहीं कराया गया। मुहल्ले में बिजली पोल खुटा नहीं है। लकड़ियों वाले पोल खुटा से बिजली घरों तक पहुंचायी गई है। जिसके टूटने और करंट लगने का डर बना रहता है। मिशन बदलाव का प्रतिनिधि मंडल मुहल्लों के मूलभूत समस्याओं को लेकर नगरपरिषद के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं उपायुक्त को भी अवगत कराएगा।

## लायंस सदस्यों ने उपायुक्त को दिया बधाई

**गुमला।** जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2022 के लिए चुना गया है। यह अवार्ड आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से विकास को लागू करने के लिए दिया जा रहा है। यह पुरस्कार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सिविल सर्विस डे के दिन विज्ञान भवन न्यू दिल्ली में दिया जाएगा। सिविल सर्विस डे हर साल 21 अप्रैल को मनाया जाता है। गुमला डीसी श्री सुशांत गौरव को यह अवॉर्ड लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह झारखंड के 23 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है जब झारखंड के किसी जिले का सिलेक्शन इस अवार्ड के लिए हुआ।

# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि का हुआ आकस्मिक निधन

### जिले में शोक की लहर, कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव के जिला प्रतिनिधि चुमनू उरांव का रविवार की रात दिल का दौरा पड़ने से रविवार मौत हो गई। उनके निधन की सूचना पर जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिला के लोकप्रिय नेता, सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कुराहट बनाकर रखने वाले चुमनू उरांव के आकस्मिक निधन से सिर्फ कांग्रेसी नहीं बल्कि दूसरे राजनीतिक दलों के लोगों, प्रबुद्धजनों व शुभचिंतकों की भीड़ उनके सिलम स्थित आवास में जमा हो गई। सभी ने मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत उनके आवास पहुंचे और कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के लिए अपना जीवन व्यतीत करने वाले लोगों में से एक थे। जमीन से जुड़े नेता होने के कारण वे हर दिल अजीत थे। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि रविवार को अचानक तबियत खराब होने पर सदर हॉस्पिटल लाया गया। डॉक्टरों के द्वारा जांच कर रांची रेफर किया गया पर रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके पैतृक ग्राम सिलम में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने कहा कि उनका जाना पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक जताने वालों में प्रदेश प्रभारी अजय किशोर नाथ शाहदेव, जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, मानिकचंद साहू, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, अमर कुजूर, राजनील तिग्गा, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, दीपक विश्वकर्मा, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता, सुषमा केरकेट्टा, बसंत गुप्ता, निमरोध एक्का, इलियाजर मिंज, हिमेश कुमार, शाहजहां अंसारी, जय सिंह, रूपेश सन्नी, अरूण गुप्ता, सुनील उरांव सहित अन्य लोग है। मालूम हो कि चुमनू को डॉ रामेश्वर का सबसे विश्वासी व करीबी माना जाता था।



स्व. चुमनू उरांव

## एक नजर में

### डोकरा कला को जीवंत करने का किया जाएगा प्रयास : बीडीओ

**भंडरा।** मामले में बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा का कहना है कि डोकरा कला को जीवंत करने का प्रयास किया जाएगा। इससे जुड़े परिवारों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशासन पूंजी भी मुहैया कराएगा ताकि आदिकाल से चली आ रही डोकरा कला कृतियों को उचित मूल्य मिल सके।

### गुमला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**लोहरदगा।** गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चुमनू उरांव का विगत रात्रि आकस्मिक निधन पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में हुई। शोक सभा में सर्वप्रथम दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि चुमनू उरांव कांग्रेस पार्टी के एक मजबूत आधारस्तंभ थे। वे जनता के बीच काफी लोकप्रिय होने के साथ-साथ जुझारू और कर्मठ नेता थे ।उनके निधन से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं होगी। इस दुख की घड़ी में ईश्वर से कामना है कि शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की अपार शक्ति दे। शोक सभा में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ,सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि अजय शाहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ,विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, शाहिद अहमद बेलू, सदरुल अंसारी, कुणाल अभिषेक, मुस्ताक अहमद, यूनुस अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, सुशीला देवी, अमृता उराव, संतोष महतो, जफर इमाम, मुकेश कुमार सिंह, सोहराब अंसारी, हबीब खान, मदन प्रसाद, शेख सादीक, मोहम्मद आजम, उपस्थित थे।

### 15 करोड़ की लागत से बन रहे है इस योजना से 1500 घरों को मिलेगा पानी

**लोहरदगा।** पेयजल एवम स्वच्छता विभाग द्वारा बूटी में निर्माणधीन पानी टंकी और बीयर का निरीक्षण विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप हंसदा ने सोमवार को किया।इस मौके पर उन्होंने योजना का निरीक्षण करते हुए संवेदक को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही योजना में किसी भी प्रकार का कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा की लगभग 15 करोड़ की राशि से निर्मित इस योजना के माध्यम से 1500 परिवारों को जल नल का कनेक्शन देना है।इस योजना को अप्रैल अंत तक चालू करने का लक्ष्य है।इस अवसर पर उन्होंनेयोजना को चालू कराने के लिए बिजली कनेक्शन जल्द से लेने का भी निर्देश दिया।मौके पर तकनीकी अधिकारी मौजूद थे।

### पीडीजे की अध्यक्षता में पीड़ित प्रतिकर कमेटी की हुई बैठक

**लोहरदगा।** जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में सोमवार को पीड़ित प्रतिकर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के सदस्य के रूप में उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के प्रतिनिधि, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में कुल 5 केसों में पीड़ित को मुआवजा देने संबंधी तथ्यों पर विचार किया गया। इसके साथ ही आगामी 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चर्चा की गई। जिसमें उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त निबंधक राजकल्याण, सीजेएम डॉ चंदन, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, जेल प्रतिनिधि, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने जिला नियंत्रण कक्ष व व्यवहार न्यायालय परिसर का किया निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमल डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने सोमवार को जिला नियंत्रण कक्ष एवं व्यवहार न्यायालय परिसर का सुरक्षात्मक भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा न्यायालय परिसर एवं सीसीआर के चारों तरफ सुरक्षात्मक पहलु को देखते हुए कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष को पहले से और भी ज्यादा कारगर बना दिया है और पूरे शहर को सीसीटीवी के जद में ले आये है एवं शहर के चप्पे चप्पे में सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से 24 घंटे शतत निगरानी रखी जा रही है। पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरा लग जाने से अपराधियों में खौफ है एवं सीसीटीवी के माध्यम से कई प्रकार के अपराध का जल्द उदभेदन किया जा रहा है।

### छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

**घाघरा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय घाघरा द्वारा प्रखंड मुख्यालय में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार प्रसार को लेकर सोमवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी की शुरूआत सीडीपीओ अनुपमा मिंज ने राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से शुरू होकर चांदनी चौक, थाना चौक होते हुए ब्लॉक चौक, ब्लाक परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। इस क्रम में राजकीय मध्य विद्यालय,प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय और एस एस हाई स्कूल घाघरा के छात्राओं द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ उठाने ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे कई नारे लगा रहे थे। ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके।

### खरका पंचायत के श्मशान घाट जाने के लिए नहीं है रास्ता

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के खरका पंचायत स्थित महदनिया घाट बरगढहा श्मशान घाट जाने के लिए एक अद्द रास्ता भी ग्रामीणों को नसीब नहीं है। जबकि श्मशान घाट को पवित्र स्थल की श्रेणी में रखा जाता है। श्मशान घाट जाने के लिए ग्रामीणों को शव के साथ आंजन नहर पार करना पड़ता है। नहर में पुल बनाया गया है लेकिन उसके दोनों छोरों पर गड्ढा छोड़ दिये जाने से दाह संस्कार में जाने के समय भारी परेशानी होती है।

### गुमला स्थापना दिवस पर 18 मई को जेएनडी करेगा रहम करो कार्यक्रम

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल गुमला जिला इकाई द्वारा गुमला जिला स्थापना दिवस, 18 मई को जिला मुख्यालय में गुमला जिला को भ्रष्टाचार, शोषण, बेरोजगारी व पिछड़ापन से मुक्त करो नारे के साथ रहम करो कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। झारखंड नवनिर्माण दल के कार्यकर्ता सरकार से गुमला जिला को भीषण लूट से बचाने की भीख मांगेंगे। विदित हो कि गुमला जिला की स्थापना 18 मई 1983 को हुई थी और जिला बनने के इतने लंबे अरसे में विभिन्न पार्टियां सत्ता में आते जाते रहे लेकिन विकास के नाम पर सालाना अरबों रुपए खर्च होने के बावजूद गुमला जिला पिछड़ा जिला की सूची में शामिल है। सरकार, नौकरशाह व बिचौलियों का गठजोड़ जिले में विकास की राशि को दोनों हाथ से लूट रहे हैं। जिसका ताजातरीन उदाहरण परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम से बनी जारी प्रखंड सहित जिले के अन्य प्रखंडों में चलने वाली विकास की विभिन्न योजनाओं में मची लूट से देखी जा सकती है। जिसमें बसिया अनुमंडल क्षेत्र में तैयारी के लिए मंगरा उरांव, पूरन सिंह व तारा मिंज को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

स्पीड न्यूज

## सप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**गढ़वा।** जिले के टंडवा स्थित भगलपुर में गुरु मां रिंकू देवी पति वार्ड पार्षद सुनील कुमार के आवास पर परम दयाल युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का सप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्ण वनि वंदे पुरुषोत्तमा के जय घोष ये की गई। कार्यक्रम में सभी धर्म ग्रंथ का पाठ किया गया। साथ ही भजन, कीर्तन, आरती किया गया। सत्संग की समाप्ति कर प्रसाद का वितरण किया गया। सत्संग में ठाकुर श्री श्री अनुकूल चंद्र जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

## अभिभावक-छात्र गोष्ठी का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के श्री सद्गुरू जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय में सोमवार को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से अभिभावक-छात्र गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति एवं उनकी समस्याओं के निदान के लिए विचार समेकित किये गए। महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति को लेकर अभिभावकों से मार्गदर्शन लिया गया। मौके पर अभिभावकों ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति नहीं होने में अभिभावक भी दोषी हैं, भविष्य में छात्र महाविद्यालय में उपस्थित हो इस ओर हम सभी प्रयास करेंगे।

## अवैध बालू ढुलाई कर रहा वाहन जप्त

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के धुरकी गांव से रविवार की रात्रि को गस्ती के दौरान धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार तथा पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाकर कनहर नदी से अवैध रूप से बालू ढुलाई कर रहे एक टिपर को जप्त किया। जबकि चालक पुलिस को देखर फरार हो गया। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि कनहर नदी से अवैध बालू का धंधा करने वालों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## रक्तदान कर बचायी जान

**गढ़वा।** गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के प्रयास से एक यूनिट रक्तदान कर एक व्यक्ति की जान बचायी गई। किडनी की बीमारी से ग्रसित अन्नपूर्णा देवी मंदिर (गल्ला पट्टी) के अध्यक्ष चावल व्यवसायी रमेश केशरी के लिए चंदन ने आग्रह कर विकास मिश्रा से रक्तदान कराया। मौके पर चंदन जायसवाल सहित पुष्प रंजन, उमेश कश्यप, रमेश मेहता, रश्मि केशरी आदि उपस्थित थे।

## आरसीसी नाला का शिलान्यास

**गढ़वा।** नगर परिषद गढ़वा की ओर से वार्ड नंबर 21 टंडवा में पुरनचंद चौक से दानरो नदी तक स्लैब के साथ आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, उपाध्यक्ष मीरा पांडेय एवं वार्ड 21 की पार्षद रिंकू कुमारी एवं वार्ड 20 की पार्षद सविता देवी ने संयुक्त रूप से विशेष पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

## सेवानिवृत बीएसएल कर्मी की पत्नी का निधन

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उत्तरी गांव निवासी सेवानिवृत बीएसएल कर्मी हाजी डॉ सिराजुद्दीन अंसारी की 67 वर्षीया पत्नी हज्जन हमिदा का सोमवार के अहले सुबह निधन हो गया। इस संबंध में स्वजनों ने बताया कि सोमवार की अलहे सुबह फर्ज नमाज पढ़कर घर में आराम कर रही थी। इसी बीच अचानक सीने में दर्द हुआ दर्द होने के बाद स्वजनों ने आनन फानन भवनाथपुर माइंस हस्पिटल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान निधन हो गया।

## बाईक दुर्घटना में तीन घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर पड़वा चट्टान के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बनखेता निवासी 65 वर्षीय सरजू राम, कैलान निवासी रौशन यादव 17 वर्ष एवं रंजन यादव 18 वर्ष का नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सरजु राम विशनपुरा से हिताई से बनखेता घर जा रहा था।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

# कैम्प लगाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का दें लाभ : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। अध्यक्षता केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने की। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व के बैठक में लिये गये निर्णयों की कार्यवाही की समीक्षा किया गया। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि मानव दिवस का सृजन बढ़ाना है ताकि गांव, पंचायत के ग्रामीण रोजगार से जुड़े रहें। निदेश दिया गया कि महिला के साथ-साथ पुरुषों का भी समूह बनाना सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार जहां जरूरत है ऐसे प्रस्तावों को तैयार करते हुए सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवास निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। जिले में संचालित जलापूर्ति योजना पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने जिले में संचालित हर घर नल योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को जलापुर्ति करने का निदेश दिया। नगर प्रशासक झुमरी तिलैया नगर परिषद्, नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर को प्राथमिकता के आधार पर जिनको ज्यादा आवश्यकता हो उन्हें ही आवास योजना का लाभ मिले। इसके अतिरिक्त सांसद ने दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का कैंप के माध्यम से निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री ने जिला पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कैलेंडर का विमोचन किया। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीटीओ भागीरथ प्रसाद समेत वरीय पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विधानसभा की सदाचारी समिति के सभापति पहुंचे कोडरमा, बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड विधानसभा की सदाचारी समिति के सभापति केदार हाजरा सोमवार को कोडरमा पहुंचे और स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर, कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला स्तर पर लंबित अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति की समीक्षा विभागवार करते हुए, सभापति ने उपायुक्त को आवश्यक कार्रवाई करते हुए अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने के अलावे पेंशन के लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## जिला स्तरीय ऊर्जा समिति की बैठक, कई निर्देश दिये गये

**कोडरमा।** सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ऊर्जा समिति की बैठक हुई, जिसमे जिले में विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में लचर विद्युत व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बिजली चोरी को रोकने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कई स्तर पर कार्य किया जा रहा है, प्रथम चरण में बिजली लाइनों में सुधार किया जाएगा, नए फीडर बनाये जाएंगे, साथ ही अलग अलग फीडरों से लाइन को जोड़ा जाएगा, ताकि बिजली का लोड कम हो सके। इसके अलावे जहां वल ओवरलोड ट्रांसफार्मर है वहां नए ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे, झूलती बिजली की तारों से होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए खम्भों के बीच के स्थान को कम किया जाएगा, इसके अलावे नए टवर लगाए जाएंगे। मौके पर केंद्रीय मंत्री के अलावे डीसी आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज के अलावे ऊर्जा विभाग के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों को पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी देते हुए उपायुक्त रंजन ने कहा कि कोडरमा में पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है, इसको लेकर कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। तिलैया डैम के सौंदर्यीकरण से सम्बंधित कार्य प्रगति पर है, जल्द ही निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। डीसी ने जिले के अधिसूचित विभिन्न पर्यटक स्थलों को ग्रेडिंग करने को लेकर विभाग से पत्राचार करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी श्री रंजन ने जिले के पर्यटक स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर दुकान व स्टॉल लगवाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने, साथ ही पीपीपी मोड पर राजस्व संग्रहन करने का निर्देश दिया।

डीसी ने कहा की राजस्व वसूली से प्राप्त राशि का खर्च पर्यटन क्षेत्रों के विकास में खर्च किया जाएगा, जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम में दुकान व स्टॉल लगवाने, सतगावां प्रखंड के घोड़सीमर धाम में हाट बाजार निर्माण को लेकर स्थल चयन करने का निर्देश दिया। मौके पर कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज के अलावे विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## साइबर ठगों ने किया 74 हजार का निकासी

**कोडरमा।** बाजार स्थित बैंक अफ इंडिया के एटीएम से बीते 9 अप्रैल रविवार को साइबर ठगों द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर 74 हजार रुपया की अवैध निकासी कर लिए जाने के मामले में एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाई ना होता देख पीड़िता ने एसपी कुमार गौरव को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता कलावती देवी पति निर्मल यादव जीतपुर बरही हजारीबाग निवासी के द्वारा दिए गए आवेदन में ने बताया है कि मैं अपने पिता के घर कोडरमा थाना क्षेत्र के लोचनपुर आई थी।

## ईद उल फितर को लेकर अवकाश पर रोक

**कोडरमा।** आगामी ईद उल फितर त्यौहार को लेकर 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले के विभिन्न विभागों केघ पदाधिकारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। डीसी आदित्य रंजन की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि इस वर्ष ईद उल फितर का त्योहार 22 अप्रैल कोघ मनाए जाने की संभावना है। पर्व को लेकर विधि व्यवस्थाघ दुरुस्त रखने के लिए बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पुलिस बल के साथ की जाती है। इसे लेकरघ जिला अनुमंडल, गैर तकनीकी पदाधिकारियों, सभी बीडीओ एवं सीओ को आदेश दिया जाता है।

### डीसी ने राजस्व संग्रहण, अंचल एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम कार्य की समीक्षा की

# किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण नहीं हो : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल समीक्षा, नीलाम पत्र, निबंधन, अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में अवैध उत्खनन सहित अन्य सभी संबंधित मामले जो कि मुख्यतः पिछले बैठक की कार्यवाही में उपायुक्त द्वारा दिए गए विभिन्न निर्देश थे, उन निदेर्शों के प्रति किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन की क्रमवार समीक्षा की गई। पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों में मुख्यतः ट्रेंच कटिंग, फेंसिंग, डोजरिंग, किये गए सभी निरीक्षण के प्रतिवेदन, निकासी मार्ग पर लगे सीसीटीवी के डीवीआर रिकॉर्ड, अवैध उठाव सहित अन्य मुद्दे शामिल थे। समीक्षा के उपरांत उपायुक्त ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन को रोकने का कार्य निरंतर किया जाना है जिसके तहत सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त मामलों का स्वतः संज्ञान लेकर बगैर ट्रांसपोर्टेशन चालान के ढुलाई करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कारवाई किया जाए। अंचल की समीक्षा में म्यूटेशन, सकसेशन म्यूटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनिटरिंग कमिटी की बैठक में निर्देश



बैठक करते डीडीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनिटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका की स्थापना, वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रथम त्रैमास में आवंटित खाद्यान्न के वितरण की समीक्षा एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत विद्यालयों में कार्यरत रसोईया से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में डीडीसी ने विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी, खाद्यान्न की प्रत्येक माह की ससमय उपलब्धता, रसोइया की उपस्थिति समेत अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिया। साथ हीं प्रत्येक माह प्रखंड स्तर पर भी संबंाित पदाधिकारी को प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनिटरिंग कमिटी की समीक्षा बैठक करने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएम पोषण मध्याहन भोजन योजना अंतर्गत किचेन, गार्डेन को विकसित तथा रख-रखाव करने के लिए जिला के विभिन्न प्रखंडों से चयनित कुल 199 विद्यालयों को पांच हजार रूपये प्रति विद्यालय के दर से आवंटन उपलब्ध कराया गया है। बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा एसडीओ, राज महेश्वरम, सीएस डा अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ती, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रमकंडा, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चिनियां, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रमना प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मझिआंव आदि उपस्थित थे।

# सीआई ने की वृद्ध महिला के उजाड़े गये घर के स्थल की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में भवनाथपुर अंचल के सीआई इंतखाब आलम ने सोमवार को वन विभाग के चेकनाका के समीप बीते दिनों एक गरीब वृद्ध महिला के घर कोर्ट के आदेश पर उजाड़े जाने की मामले में स्थल पर पहुंचकर इसकी जांच की। इस दौरान मुखिया बेबी देवी, जिपस रंजनी शर्मा व पंसस चंदन ठाकुर उपस्थित थे। विवादित भूमि की जांच के क्रम में ग्रामीणों ने सीआई को बताया कि वृद्धा के पति वन विभाग में दैनिक मजदूरी पर काम करते थे, उनके पति के निान हो जाने पर वन विभाग द्वारा यह भूमि उपलब्ध कराकर मकान मना करने के लिए दिया गया था। उस समय से आज तक इसी मकान में वृद्ध महिला अपने दो नाती के साथ गुजर बसर कर रही है। इस भूमि मकान के अलावा उनका और कहीं मकान नहीं है। यह पूरी तरह से भूमिहीन हैं। इन्हें कमजोर समझकर भू-माफिया द्वारा उक्त भूमि को हड़पने के ख्याल से मामला न्यायालय में लाया गया। जहां



जांच करते पदाधिकारी

वृद्ध महिला के अज्ञानता एवं गरीबी, कमजोरी के कारण अपना पक्ष नहीं रखने के कारण न्यायालय द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए भू-माफिया के पक्ष में डिग्री मिल गया। ग्रामीणों ने आक्रोश प्रदर्शन करते हुए वृद्ध महिला की न्याय एवं सदियों से चल रहे पुरानी रास्ता का मांग करते हुए न्याय का गुहार अंचलाधिकारी से लगाया है।

सीआई इंतखाब आलम ने कहा कि महिला के द्वारा उस वक्त कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया था, जिसके कारण एक पक्षी कार्रवाई की गई है। आज जो अनलाइन हाल सब कागजात दिखाया जा रहा है, एवं गत सर्वे का जो पेपर है, उसका सत्यापन करते हुए वरीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। पंचायत के मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा यह कागजात पहले दिखाया जाता तो हम लोग प्रशासन को मकान गिराने नहीं देते। जिपस शर्मा रंजनी के द्वारा किया वन विभाग की भूमि सीमांकन कराने के लिए विभाग द्वारा आमीन प्रतिनियुक्त कराने की मांग करते हुए कहा कि मामला न्यायालय से संबंधित है, जिसके लिए हम सभी इस गरिब महिला एवं स्थल पर ही उपस्थित बूढ़ी महिला को आर्थिक सहयोग करते हुए इसे न्याय दिलाने के लिए हम लोगों को संगठित होकर न्यायालय का शरण लेंगे।

### एक नजर में

## रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने श्रवण प्रसाद गुप्ता

**टंडवा (चतरा)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्र स्तरीय महजुटान पटना के गेट पब्लिक लाइब्रेरी एंड इन्स्टीट्यूट गर्दनीबाग में आयोजित किया गया। जिसमें समाज की राष्ट्रीय स्तर तक एक जुटता एवं विकास करने को लेकर निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में पोलिंग चुनाव के नियमानुसार राष्ट्रीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें भारत लेबल पर 14 पदों के लिए चुनाव किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, महासचिव विशाल आनंद, कोषाध्यक्ष रवि कांत गुप्ता, संगठन मंत्री मुन्ना कुमार गुप्ता, संयुक्त मंत्री मुकेश कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष किरण गुप्ता, निर्विरोध उपाध्यक्ष नमिता देवी उर्फ लवली गुप्ता, निर्विरोध उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, निर्विरोध उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता, सहायक मंत्री अजय गुप्ता, अंकेक्षक विजय कुमार गुप्ता निर्वाचित हुए। जिसमें टंडवा- चतरा से लगभग डेढ़ सौ लोगों ने भाग लिया। वही रौनियार वैश्य महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, संजीत गुप्ता एवं रंजीत गुप्ता समेत अन्य ने झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा की ओर से सभी नवयुक्त पदाधिकारियों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुवे कहा कि समाज को एक नई ऊर्जा देते हुवे एकजुटता एवं मजबूती पर विशेष बल देने की अपील किया गया।

## यज्ञ को ले निकाली गई शोभायात्रा, किया गया ध्वजारोहण

**टंडवा (चतरा)।** गाडीलौंग भैंस बैथान समीप नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी एक मई से तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा हेतु मारुति नंदन महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। जिसकी विधिवत शुरूवात सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के दौरान ध्वजा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने झंडा एवं जयकारे के साथ हनुमान मंदिर प्रांगण से पूरे गाडीलौंग क्षेत्र का नगर भ्रमण करते हुवे शहीद तक जाकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा, जहाँ ध्वजा रोपण एवं कलश स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष दीपू चौरसिया सुधीर चौरसिया कुलदीप यादव रमेश यादव रामदेव राणा लखन प्रसाद साहू हरदियाल साव प्रमोद कुमार मोहन कुमार सोमदेव चौरसिया समेत अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाया।

## भारी उद्योग सचिव व संयुक्त सचिव ने किया टंडवा पावर प्लांट का निरीक्षण, दिए निर्देश

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को नॉर्थ करणपुरा थर्मल पावर एनटीपीसी टंडवा में भारी उद्योग के सचिव कामरान रिजवी, संयुक्त सचिव विजय मित्तल, एनटीपीसी के निदेशक यू के भट्टाचार्य, भेल के निदेशक यू एस मथुरा ने एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। जहां सीजीएम समेत अन्य अधिकारियों ने आए अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं एक पौधा देकर स्वागत किया। ततपश्चात अतिथियों ने पॉवर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान कम्प्लीट पहला यूनिक का जायजा लिया एवं दूसरा यूनिट को इसी वर्ष सितंबर माह तक एवं तीसरा यूनिट को अगले वर्ष 24 मार्च तक कम्प्लीट करने की दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर सिमरिया एसडीओ सुधीर दास एनटीपीसी के सीजीएम तजिंदर गुप्ता एवं धीरज गुप्ता समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जायेगा

**चतरा।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान से अग्निशामक पदाधिकारी, चतरा ने मुलाकात कर उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह हेतु स्टिकर और पाम्पलेट भेंट किया। अधिक जानकारी देते हुए अग्निशमन पदाधिकारी नरेश सिंह मुंडा ने बताया कि दिनांक 14 अप्रैल सन 1944 में 66 दमकल कर्मी मुम्बई बंदरगाह में मालवाहक आगजनी हादसे में वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्ही शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देते हुए 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है तथा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों को अग्निकाण्डों की रोकथाम एवं उससे होने वाली क्षति से बचाव के प्रति जागरूक करना है। इस सप्ताह के दौरान फायर ब्रिगेड द्वारा विभिन्न संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव संबंधी विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता है। उक्त मौके पर प्रधान अग्निक चालक समेत अन्य अग्निशमन कर्मी उपस्थित थे।

## चोरी के 3 मोटरसाइकिल के साथ चार गिरफ्तार, भेजा गया जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में चोरी के बाइक उपयोग किए जाने की गुप्त सूचना पर आभियान चलकर चोरी के 3 मोटरसाइकिल के साथ पुलिस टीम ने 4 को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार गठित छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम केदली से चोरी के दो मोटरसाइकल एवं ग्राम कोबना से चोरी का एक मोटरसाइकल बरामद करते हुवे चोरी के मोटरसाइकल प्रयोग करने वालों ने पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार सुजीत चौधरी, दिलीप चौधरी पिता परमेश्वर चौधरी, राजेश चौधरी उर्फ गोलू चौधरी पिता प्रदीप चौधरी, अवधेश कुमार पिता भिखारी महतो के पास से काला नीला रंग का ग्लेमर बिना नंबर प्लेट का, एक काला सिल्वर रंग का हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकल बीआर 01 सीए 1564 व एक काला नीला रंग का मोटरसाइकल बरामद किया गया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय, पुअनि कृष्णा कुमार, पुअनि अनंत साह, सअनि सोमारू राम एवं सत्र बल शामिल थे।

# स्पीड न्यूज

## महुआडांड़ प्रखंड में मिले कोरोना के नए मामले

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में कोविड के 3 नए मामले सामने आए हैं। जिसके बाद तीनों व्यक्तियों को होम क्वॉरेंटाइन में रखा गया है। महुआडांड़ प्रखंड वासियों को पहले से ज्यादा सचेत रहने की आवश्यकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए महुआडांड़ स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अमित खलखो ने प्रखंड वासियों से अपील की है की वह सभी पहले से ज्यादा सतर्क रहें मास्क का प्रयोग करें और जिन्होंने अभी तक कोविड-19 का वैक्सीन नहीं लिया है वैक्सीन लगवा ले साथ ही भीड़भाड़ में बिना काम के जाने से बचे खुद भी सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्क रहने का सुझाव दें।

## ओबीसी का आरक्षण शुन्य को लेकर ओबीसी मोर्चा ने की बैठक



**लातेहार।** लातेहार में ओबीसी मोर्चा का बैठक राज होटल मे जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में ओबीसी आरक्षण के संबंध में सरकार के द्वारा जो जिले में ओबीसी का शून्य आरक्षण है। इसके संबंध में चर्चा किया गया एवं इसका सड़क से सदन तक विरोध करने का निर्णय लिया गया। इसी के आलोक में संगठन को मजबूती के लिए 22 अप्रैल को होटल कार्निवाल बानपुर में ओबीसी मोर्चा लातेहार के प्रखंड विस्तार हेतु प्रखंड कमिटी का चयन किया जाएगा। जिसमें लातेहार प्रखंड के ओबीसी समुदाय के सभी लोगों को 11:00 बजे आने का आग्रह किया गया। मौके पर शत्रुघ्न प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, धीरेंद्र यादव, संजीत प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, ललन प्रसाद, सुजीत यादव, पृथ्वीराज आदि लोग उपस्थित थे।

## बकाया रूपये का हुआ भुगतान



**लातेहार।** स्थाई लोक अदालत लातेहार में ग्राम चटुआग थाना बारियातू जिला लातेहार के तीन मजदूरों प्रमोद गंझू, पच्चू गंझू, सुरेश गंझू का ठेकेदार प्रेम चंद प्रसाद के पास 43,400/- विगत कई वर्षों से बकाया था। मांगने पर टालमटोल करता था मजदूरों ने मामला को स्थाई लोक अदालत लातेहार में लाया। अदालत ने उक्त ठेकेदार को सम्मन भेजकर बुलाया और ठेकेदार और मजदूरों के बीच सम्मान जनक समझौता करवाया और अदालत में अपने सामने मजदूरों का बकाया 43,400/- रूपया का भुगतान करवाया। इस पुनीत कार्य में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, अदालत के सदस्य डॉ. मुरारी झा, सदस्य शकील अख्तर एवं पेशकार चंदन कुमार की अहम भूमिका रही।


## सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का किया आयोजन



जरूरत की सामग्री वितरण करते कंपनी कमांडर अमरेश

**बरवाडीह।** आम जनों से मित्रता व सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने के मकसद से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन द्वारा समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को कंपनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर बरवाडीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोरवाई में डी/11 बटालियन ने कंपनी कमांडर अमरेश कुमार के नेतृत्व में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर 120 जरुरतमंदों के बीच स्टील ड्रम और पतीला और खेतों के लिए बीज का वितरण किया। जिसमें टमाटर, खीरा, मक्का, सनफ्लावर, उरद दाल और मूंग दाल इत्यादि के बीच वितरण किया गया है। जहां कंपनी कमांडर अमरेश कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि हम आपके साथ मिलकर गांवों के विकास में सहयोग करना चाहते हैं। समस्याएं हमें पता है, इसलिए लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी हो तो सुरक्षा बल उनके साथ खड़े हैं। मौके पर मुखिया आशीष सिंह, एएसआई नरेश राम, उपनिरीक्षक रामानंद राय, मुख्तार मियां व मुन्ना कुमार सिंह, मुंशी सिंह, रामदयाल, अनिल कुमार के साथ-साथ कंपनी के कई जवान उपस्थित थे।

## चंदवा की बेटी की इटकी स्थित ससुराल में संदेहास्पद मौत



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के कामता ग्राम पंचायत निवासी नईम खान पिता स्व. दुखन खान की पुत्री रेशमा परवीन की फांसी के फंदे में झूलकर संदेहास्पद मौत हिकरा टोली इटकी रांची स्थित ससुराल में हो गयी। मृतका रेशमा परवीन की शादी महज एक माह पूर्व ही 14 मार्च 2023 को ही इटकी रांची निवासी वारिश मीर के साथ हुई थी। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर रेशमा को प्रताड़ित करने व उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर रेशमा परवीन के पिता ने इटकी थाना में लिखित आवेदन देकर मामला भी दर्ज कराया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि शादी के बाद बेटी दामाद मेरे यहां आए थे, उस समय दामाद ने बिजनेस करने के लिए 3 लाख रुपये की मांग की। मैने ईद के बाद पैसे देने की भी बात कही थी, लेकिन उसका दामाद पैसे की मांग करने लगा। पैसे नही देने के कारण उसको कई बार प्रताड़ित भी किया। 16 अप्रैल को मेरे मोबाइल में स्थानीय सदर का फोन आया कि आपकी बेटी फांसी लगा ली। मृतका के पिता ने दमाद वारिश मीर, समधी फिरोज मीर, समधन शायरा बीबी व एक अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पिता नईम खान में दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षा विभाग की टीम ने की ज्ञान भारती आवासीय उच्च विद्यालय की जांच

**खबर का असर**

- आरटीई के मापदंडों का खुलेआम हो रहा है खिलवाड़, खबर पाई गई सत्य
- विद्यालय के यू डाइस को बंद करने की होगी कारवाई: मनोज कु.मिश्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत आरटीई के मापदंडों के बगैर संचालित किए जा रहे निजी विद्यालयों पर नकेल कसने की वर्षो से चली आ रही मांग भले ही शासन -प्रशासन के कानों तक अब तक नहीं पहुंची हो। लेकिन खबर मंत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन गहरी नींद से जाग गई है। बता दें की खबर मंत्र ने सोमवार को आरटीई के मापदंडों का खुलेआम हो रहा है खिलवाड़, शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसपर जिले के उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया और खबर प्रकाशित होने के महज कुछ ही घंटों के अंदर शिक्षा विभाग के एमपीओ मनोज कु.मिश्रा ने बरवाडीह पहुंच मामले की गहनता से जांच की। दरअसल प्रखण्ड मुख्यालय में बिना मानक के एक घर में संचालित हो रहे ज्ञान भारती आवासीय उच्च विद्यालय के मालिक नवीन कुमार द्वारा एक पांच वर्षीय बच्चे की डंडे से पिटाई की गई थी। जिस कारण बच्चे के पीठ में चोट के गहरे निशान बन गए थे और वह दर्द से कराह रहा था। बच्चे की मां ने विद्यालय पहुंच हो हंगामा किया। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा मामले की जानकारी खबर मंत्र को दी गई। तब जाकर पूरा मामला प्रकाश में आया।



जांच करते शिक्षा विभाग के पदाधिकारी।

### क्या कहते है जांच पदाधिकारी

इधर शिक्षा विभाग के एमपीओ मनोज कु. मिश्रा ने जांच के उपरांत खबर मंत्र को दूरभाष पर हुई बातचीत में बताया कि जांच में प्रकाशित की गई खबर सत्य पाई गई है। यह विद्यालय मापदंडों के विपरित संचालित की जा रही है। यहां शिक्षक भी ट्रेंड नहीं है, और भवन भी किसी लायक नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व में आसानी से यू डाइस मिल जाता था, ताकि बच्चे पढ़ सकें। लेकिन जांच में फिजिकल स्टेट्स पूरी गड़बड़ मिली है। यहां आवासीय उच्च विद्यालय लिखा गया है, जो की मापदंडों और नियम के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि आज ही जांच प्रतिवेदन वरीय अधिकारी के पास जमा कर दिया जायेगा। ज्यादा चांस है कि इस विद्यालय का यू डाइस बंद कर दिया जायेगा।

## चंदवा के हाका गांव पहुंचे प्रतुल शाहदेव



परिजनों से बात करते प्रतुल शादेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सोमवार को दूसरे दिन भी चंदवा थाना के हाका गांव पहुंचे जहां एक नाबालिग दलित बच्ची के साथ दरिंदगी से दुष्कर्म किया गया था। प्रतुल ने परिवार से मुलाकात की और इस बात पर गहरा रोष जताया कि पुलिस इस घटना का उद्भेदन नहीं कर पा रही है। प्रतुल ने कहा की राक्षसों ने 10 वर्ष की बच्ची के साथ दरिंदगी की सारी सीमाएं पार कर दी थी। ना सिर्फ अप्राकृतिक यौनाचार हुआ बल्कि उसके शरीर की हड्डियों को कई जगह तोड़ा गया। प्रतुल ने कहा की पहले दिन जब ग्रामीणों ने घटना के बाद सड़क जाम किया था तो पुलिस ने कहा था कि उन्हें कुछ समय दें। लेकिन 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं है। प्रतुल ने कहा कि वह सिर्फ रस्मअदायगी के लिए नही आ रहे बल्कि पीड़िता के परिजनों को न्याय दिला कर रहेगे। प्रतुल ने लातेहार पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर अगले 72 घंटे के समय के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो चंदवा से रांची तक प्रचंड आंदोलन की शुरूआत होगी। इस अवसर पर आशीष सिंह, रघु गंझू, सुभाष गंझू, रवि मुंडा आदि उपस्थित थे।

# भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर ठेपा सिंह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- गिरफ्तार उग्रवादी पर विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मामले है दर्ज

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना पुलिस को माओवादियों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित माओवादी संगठन के एरिया कमांडर ठेपा सिंह उर्फ संजय सिंह खरवार, उम्र 21 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले में प्रेसवार्ता करते हुए बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिसके बाद छापामारी अभियान चलाते हुए माओवादी के एरिया कमांडर संजय सिंह खरवार को लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनबांध के खीराखाड़ से स्थित उसके घर से पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी पर छिपादोहर, गारू और बालूमाथ थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। एसडीपीओ दिलु लोहार ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी ने पूछताछ में जिले में छह कांडों में संलिप्तता स्वीकार की है।

उसकी गिरफ्तारी लातेहार पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। वहीं छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावा मनिका थाना प्रभारी बबलू कुमार और छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार समेत सशस्त्र बल और आईआरबी के जवान शामिल थे।



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ दिलु लोहार।

## परिवार नियोजन पखवाडा को लेकर बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज में हुई बैठक



बैठक करते स्वास्थ्य कर्मी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** बालूमाथ सीएचसी प्रभारी सुरेश राम के नेतृत्व मे परिवार नियोजन व कृमि दवा खिलाने को लेकर बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के सहिया साथी और एएएनम के साथ बालूमाथ सरकारी अस्पताल परिसर मे बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से बीपीएम मृत्युंजय कुमार व बीडीएम योगेंद्र राम ने उपस्थित सहिया साथी व एएनएम को बातया की परिवार कल्याण दिवस का आयोजन 21 अप्रैल से परिवार नियोजन सेवा, पखवाड़ा 17 अप्रैल से 17 मई तक अभियान के पश्चात समेकित भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन 18 मई, योग्य दंपति सर्वे सह दंपति संपर्क पखवाड़ा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक अपने क्षेत्र अंतर्गत दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन करेंगे. आम जनो में जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार के अंतर्गत सही उम्र में शादी के कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा 2 बच्चे में कम से कम 3 साल का अंतर प्रसव पश्चात गर्भपात पश्चात परिवार नियोजन के अस्थाई एवं अस्थाई उपाय परिवार नियोजन ऑपरेशन में पुरुषों की भागीदारी पर जोर दिया जाना है। वहीं पुरुष नसबंदी पर विशेष जोर देने की सलाह दी गई। साथ ही कृमि दवा खिलाने के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध स्थाई एवं अस्थाई उपायों के बारे में भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। बैठक मे अस्थाई उपाय में इच्छुक दंपतियों को पंजीकृत करते हुए दंपत्ति स्वास्थ्य संस्थान पर वादे करण नसबंदी हेतु हेतु निर्धारित दिन आमंत्रित किए जाने सहित अन्य कई बिन्दुओ पर चर्चा की गई। मौके पर मालती देवी, बिमला देवी, रिंकू कुमारी, प्रेमलता कुमारी, गुंजन भारती, गौरी देवी, माया देवी, सोनामनी देवी, रूपा देवी, रेखा देवी, सीतामनी सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन चार पशुओं को रौंद कर फरार, पशुपालक ने लगाई मदद की गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालुमाथ।** बालुमाथ-चंदवा मुख्य मार्ग एनएच 22 चितरपुर ग्राम स्थित चोरझरिया घाटी के समीप सोमवार अहले सुबह अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने चार भैसों को कुचल कर फरार हो गया। जिससे चारों भैसों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना से किसान का लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के संबंध मे पशुपालक मुरगांव ग्राम निवासी संदीप गंझू पिता ठुपा गंझू ने बताया कि रविवार को मै अपने भैसों को जंगल मे चरा रहा थे की इसी दौरान चार भैस जंगल की ओर भाग गए। देर रात तक भैसों को ढुंढते रहा पर कुछ पता नहीं चला। सोमवार अहले सुबह जब भैंस को ढुढने के लिए निकले तो पता चला कि चितरपुर के समीप मुख्य सड़क पर वाहन के धक्का से चार भैस मृत पड़ा है। सुचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे तो मृत सभी भैंस मेरा ही था। मृत भैंस देखकर पशुपालक गंझु रोने लगा, पशुपालक ने कहा कि इन्ही पशुओं के दुध बेचकर मै अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। अब मेरा कमाने का कोई साधन नहीं रहा। परिवार का भरणपोषण का बड़ी समस्या आ पड़ी है। पीड़ित ने संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग किया है। घटना की खबर सुनकर भाजपा नेता शैलेश सिंह, पुर्व मुखिया अरविन्द उरांव एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि रामबृक्ष उरांव घटना स्थल पहुंचे। जहां ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम की जा रही कार्य को समझा-बुझाकर रोका। उधर घटना की सुचना पर अंचलाधिकारी आफताब आलम के निर्देश पर मकैयाटाड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता किया। ग्रामीण मुआवजा के लिए अड़े रहे इसके पश्चात पिकेट प्रभारी ठाकुर ने दूरभाष पर अंचलाधिकारी आलम से ग्रामीणों को वार्ता कराया श्री आलम ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत हर सम्भाव पशुपालक को मदद दी जाएगी। जिसके बाद पीड़ित व ग्रामीण मृत पशु को सड़क से हटाया।

## बालूमाथ मे झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मंच की बैठक संपन्न



बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंदनगर में झारखंड आंदोलनकारी बृजलाल गुप्ता के आवासीय परिसर में बालूमाथ झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मंच की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डां. प्रभात मिंज, जेएमएम के डां. प्रभात मिंज व शिबु उरांव तथा संचालन आंदोलनकारी सह बालूमाथ प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने किया। बैठक में आंदोलनकारी चिन्हितीकरण कार्य को आयोग को सभी सुविधा उपलब्ध कराकर चिन्हितीकरण के कार्यों में तेजी लाने की मांग की गई ताकि सभी आंदोलनकारियों को सरकारी सुविधा प्रदान की जा सके। बैठक में झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों के हितार्थ की गई। घोषणाओं पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया। बैठक में अगली 17 अप्रैल को दिन के 11 बजे झारखंड आंदोलनकारी बृजलाल गुप्ता के आवासीय परिसर में बालूमाथ तय किया गया है। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी जेएमएम के केन्द्रीय सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी बृजलाल गुप्ता, सावित्री गुप्ता, नामेश्वर गुप्ता, महावीर उरांव, राजेश उरांव, बाबुलाल उरांव, संतोष सिन्हा, शंकर उरांव, सोमा उरांव, सोमरा उरांव, ललू उरांव, बनारस उरांव, महेश उरांव, जयमंगल उरांव, शिबु उरांव समेत बालू, बनियो, मासियातु, बसिया, धाधु से आये करीब 50 लोग उपस्थित थे।

## 81 हजार रुपये राजस्व की हुई वसूली



वाहन चेंकिंग करती पुलिस।

चंदवा। जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रवेश द्वार के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनों की संख्या में वाहनों की जांच की गई। वाहन चालको से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस वाहन के इंश्योरेंस कागजात आदि की जांच में त्रुटि पाए जाने पर लगभग 81,000 रुपये राजस्व की वसूली की गई। अभियान में चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने और दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट का उयोग करने ट्रिपल राइडिंग से बचने की बात कही गयी। वाहन चेकिंग अभियान में जिला परिवहन कार्यालय कर्मी अबुल कैश के अलावे चंदवा थाना के अधिकारी व एएसआई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने आवास पर रोजेदारों को कराया इफ्तार



**लातेहार।** रमजान के पवित्र महीने में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने जिला मुख्यालय स्थित आवास पर 25वें रमजान के मौके पर सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जहां जिले से आए दोनों समुदाय के लोगों का विधायक ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में मुसलमान भाइयों को रोजा इफ्तार कराने से काफी सवाब कमाने के बराबर होता है। रोजेदार खुदा के नेक बंदे होते है। वह अपने भूख और प्यास को बर्दास्त कर अपने ईश्वर की इबादत में मशगूल होते है। इसलिए रोजदारों का एहतराम बहुत बड़ा नेकी का कार्य होता है। वहीं इफ्तार में आए सभी लोगों का स्वागत विधायक के साथ-साथ विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आफताब आलम, अब्बास अली, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, समसुल होदा, सुदामा प्रसाद, मो.रिजजान अली, वारिश अंसारी, एजाज हुसैन, मजहर हुसैन, समसुल खान, रब्बानी हुसैन, फिरोज हुसैन, टिंकू, आफताब खान, मारूफ अहमद, अरशद अंसारी, अलीम अंसारी, मो. इरफान, इदरीश अंसारी, मनीर अंसारी, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, दुर्गा प्रसाद, संजय प्रसाद, कन्हाई पासवान, रविन्द्र प्रजापति, विवेक गुप्ता, रंजीत कुमार, दीपक कुमार, चन्दन कुमार, विकाश कुमार और अशोक यादव उपस्थित थे।

# पैसेंजर ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने टोरी शिवपुर रेल लाईन का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह के अथक प्रयास के बाद बालूमाथ वासियों के लिए आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एक बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद जगी है। टोरी से शिवपुर तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शीघ्र आरंभ कराने को लेकर इसका निरीक्षण करने के लिए रेलवे विभाग के वरीय अधिकारी की टीम सोमवार को निरीक्षण करने बालूमाथ स्टेशन पहुंचा। इस टीम में धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीओ एम सूची सिंह, डीटीएम कुमार अंकित, एसीएम विजय कुमार गौड़, टीआई गुड सुपरवाइजर गौतम श्रीवास्तव, सीसी शांतनु कुमार, एसएस जितेंद्र कुमार चौधरी सोमवार को विशेष ट्रेन से रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ बालूमाथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, बालूमाथ जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि रामदेव साव, शैलेश सिंह, समेत कई लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। आये हुए रेलवे के अधिकारियों ने कहा की टोरी शिवपुर रेल लाइन पर पैसेंजर ट्रेन चलाने को लेकर यह निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए कौन-कौन सी टेक्निकल आवश्यकताए है उसका जायजा लिया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए सारी प्रक्रिया शीघ्र पूरा कर पैसेंजर ट्रेन चलाने संकेत दिया। इधर पैसेंजर ट्रेन चलाने की औपचारिकता पूरी होते देख बालूमाथ वासियों ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सिंह को साधुवाद किया है वहीं कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



निरीक्षण करते पदाधिकारी।

## पीएम आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण



आवास निरीक्षण करते बीडीओ व अन्य।

**मनिका।** मनिका पंचायत के विभिन्न गांवों में बन रहे पीएम आवास योजना का दिन सोमवार को बीडीओ वीरेंद्र किंडो ने निरीक्षण किया। जहां पर देखा गया कि कई पीएम आवास के लाभुक दूसरी किस्त की राशि निकालने के बाद भी आवास को पूरा नहीं किए हैं। वैसे लाभुकों को बीडीओ के द्वारा अर्ध निर्मित पड़े आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि जो लाभुक समय से पीएम आवास का कार्य पूरा नहीं करते हैं तो वैसे लाभुकों को चिन्हित कर उनके ऊपर सर्टिफिकेट केस दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जितनी राशि लाभुकों को दी जा रही है लाभुक प्रयास करें कि उतनी राशि की हीं आवास का निर्माण किया जाए। मौके पर पंचायत सेवक घूरा राम,स्वयंसेवक नीरज यादव,बिजेंदर पासवान,रामू कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आयोजित की गई अंत्याक्षरी प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय में हिंदी विभाग के द्वारा अंतर वर्षीय हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता पूर्व विजेता कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के बीच आयोजित की गई जिसमें कक्षा 10 के छात्र विजयी रहे । ज्ञातव्य हो कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी की एक विशिष्ट परंपरा है जिसमें छात्र हिंदी कविताओं की अंत्याक्षरी प्रतियोगिता करते हैं। आज के इस कार्यक्रम में दोनों कक्षा के छात्रों के द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति दी गई तथा छात्रों ने रामधारी सिंह दिनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, तुलसीदास, सूरदास, सहित हिंदी साहित्य के अन्य प्रसिद्ध कवियों की कविताओं का पाठ किया। कक्षा नौ के छात्र शौर्य पराशर ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की सर्वश्रेष्ठ कविता राम की शक्ति पूजा का बेहतरीन पाठ किया वहीं कक्षा 10 के छात्र शशि कुमार ने बहुत सारी हास्य कविताओं की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता की समाप्ति पर वरीयतम शिक्षक डॉ. प्रसाद पासवान ने उपविजेता दल कक्षा 9 के छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा दोनों दलों की प्रस्तुति की प्रशंसा की तथा अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे और उन्होंने विजेता दल कक्षा 10 के छात्रों को प्रमाण पत्र एवं विजेता ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में नेतरहाट आवासीय विद्यालय की इस विशिष्ट परंपरा की तारीफ की एवं हिंदी विभाग को ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। इस प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार मंडल ने किया तथा निर्णायक का कार्य डॉ सेवंती तिर्की एवं केशव कुणाल शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा प्रशिक्षक उपस्थित थे।



बच्चों को पुरस्कृत करते प्राधानाचार्य।

स्पीड न्यूज

## सीरिया में इस्लामिक स्टेट ने 35 लोगों को मौत के घाट उतारा

**डमस्कस।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) का कहर थम नहीं रहा। अब इस कुख्यात संगठन के आतंकियों ने हमा क्षेत्र में मौसमी सब्जी ट्रफल की तलाश कर रहे 31 लोगों की हत्या कर दी। एक अन्य घटना में चार चरवाहों को मौत के घाट उतारकर दो लोगों का अपहरण कर लिया। सीरिया पिछले कई सालों से गृहयुद्ध की समस्या से जूझ रहा है। इस कारण लोग भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आर्थिक संकट से निपटने के लिए लोग पैसे कमाने के नए-नए तरीके ढूंढ़ते रहते हैं। मौसमी सब्जी ट्रफल की तलाश भी धनार्जन का एक तरीका बन गया है। इसके लिए लोग रेगिस्तान में जाते हैं और वहां ट्रफल तलाश कर उसे वहां से लाकर बेचते हैं। इस मौसमी सब्जी की कीमत काफी ज्यादा होती है। आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकियों के निशाने पर इस समय ट्रफल ढूंढ़ने वाले लोग ही हैं। पिछले दिनों आतंकियों ने ऐसे 15 लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी थी। अब एक बार फिर ट्रफल ढूंढ़ रहे लोगों पर आतंकियों ने कहर ढाया है।

## जी-20 के मेहमानों ने गंगा में किया नौकायन देखी गंगा आरती

**वाराणसी (हि.स.)।** धर्म नगरी काशी में जी-20 की तीन दिवसीय एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की 100वीं बैठक में भाग लेने आए विदेशी मेहमानों ने सोमवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी पूरे उत्साह से भागीदारी की। पहले दिन की बैठक के बाद मेहमान कड़ी सुरक्षा के बीच नमोघाट पर पहुंचे। यहां उनका स्वागत कलाकारों ने कहरवा व बमरसिया लोकनृत्य से किया। कलाकारों की दमदार और आकर्षक प्रस्तुति देख विदेशी मेहमान अपने को रोक नहीं पाए। भाषा की दीवारों को दरकिनार कर पूरे मस्ती और उत्साह के बीच कलाकारों के साथ नृत्य में भागीदारी कर जमकर थिरके। लोकनृत्य में भागीदारी के बाद दल ने क्रूज पर सवार होकर गंगा नदी के आध्यात्मिक और नैसर्गिक सौंदर्य के साथ अर्धचंद्राकार घाटों के वैभव को निहारा।

## रेलवे ने एक साल में यात्री और माल ढुलाई से कमाए 2.40 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 में यात्री और माल ढुलाई से रिकॉर्ड 2.40 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही तीन साल बाद भारतीय रेलवे पेंशन के खर्च को पूरी तरह से वहन करने में सक्षम बन गया है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड राजस्व आंकड़े दर्ज किए हैं। यह 25 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ते हुए पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 49,000 करोड़ रुपये अधिक है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, माल ढुलाई राजस्व भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.62 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# गृह मंत्री को गुंडे की तरह नहीं बोलना चाहिए : ममता

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने शाह के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा अगले साल लोकसभा चुनाव में 35 सीट जीतती है तो टीएमसी सरकार 2025 से आगे टिक नहीं पाएगी। बनर्जी ने 14 अप्रैल को एक रैली के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर शाह के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'शुक्रवार को अमित शाह ने रैली को संबोधित किया। यह ठीक है। लेकिन देश के केंद्रीय गृह मंत्री किसी राज्य की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को गिराने की बात कैसे कर सकते हैं? क्या देश का संविधान बदला जा रहा है?
ममता बनर्जी ने कहा, 'वह कभी भी इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकते हैं कि अगर भाजपा 35 लोकसभा सीट जीतती है, तो राज्य सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेगी।' मालूम हो कि बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार 2026 में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है।



### कार्यक्रम में 11 की मौत को लेकर भी साधा निशाना

सीएम बनर्जी ने कहा, 'कल अमित शाह मीटिंग के लिए गए थे, नेता तो खुद छांव में रहते हैं, लेकिन इस भीषण गर्मी में लोकप्रियता दिखाने के लिए लोगों बाहर बैठाकर रखा। लोगों ने वहां से निकलने की इच्छा जताई लेकिन उन्हें बाहर जाने नहीं दिया गया। 11 लोगों की मृत्यु हुई, 600 लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हुए।' अतीक-अशरफ हत्याकांड पर उन्होंने कहा कि मैं किसी तरह से अपराध के पक्ष में नहीं हूं लेकिन जो हुआ और भाजपा के राज में जो हो रहा है वह गलत है। कोई न्यायिक हिरासत में है और बाहर जाता है तो उसे मार दिया जाता है। क्या चल रहा है देश में जिसको मर्जी मार दो।

बीरभूम जिले के सूरी में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल से 35 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अगर लक्ष्य हासिल कर लिया गया, तो राज्य में ममता बनर्जी की मौजूदा सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी। बनर्जी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के हाल ही में दिए इंटरव्यू का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने पुलवामा हमले को लेकर कुछ दावे किए थे। मलिक ने कहा था कि 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में भारतीय सेना के 40 जवान सरकार की लापरवाही के कारण मारे गए थे। बंगाल सीएम ने वाक्य पूरा किए बिना कहा, 'हम अपने जवानों को सलाम करते हैं। हमें अपनी मातृभूमि से प्यार है।

### अमित शाह ने बंगाल सरकार को गिराने की रची साजिश

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने दावा किया कि शाह की टिप्पणी साबित करती है कि राज्य सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को गुंडे की तरह नहीं बोलना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के समन का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, 'क्या वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री को बुलाकर पूछताछ की जा सकती है? अगर किसी मुख्यमंत्री से पूछताछ की जा सकती है, तो गृह मंत्री से भी पूछताछ क्यों नहीं की जा सकती है?' बनर्जी ने विपक्षी दलों के नेताओं से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील दोहराते हुए दावा किया कि भाजपा अगले संसदीय चुनावों में सत्ता में नहीं लौटेगी।

## नौकरी घोटाले में टीएमसी का तीसरा विधायक अरेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने आज टीएमसी के विधायक जिबान कृष्ण साहा को अरेस्ट कर लिया। वह टीएमसी के तीसरे विधायक हैं, जिसकी इस घोटाले में गिरफ्तारी की गई है। सोमवार सुबह सीबीआई ने मुर्शिदाबाद जिले के बरवान से जिबान कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया। शुक्रवार दोपहर से ही एजेंसी विधायक से पूछताछ कर रही थी। 60 घंटे तक चली पूछताछ के बाद उनको अरेस्ट कर लिया गया। गिरफ्तारी से पहले टीएमसी के विधायक के घर की तलाशी भी ली गई। इस भर्ती घोटाले में यह सबसे लंबी पूछताछ थी। पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प्राइमरी स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन माणिक भट्टाचार्य के बाद साहा तीसरे विधायक हैं, जिन्हें इस मामले में अरेस्ट किया गया है। सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद विधायक साहा को विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 4 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। विधायक की गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी भड़क गई हैं। सीएम ने कहा कि यह भाजपा का गेम प्लान है। उन्होंने कहा, यह भाजपा का गेम प्लान है। भाजपा ज्यादा से ज्यादा विधायकों को फंसाना चाहती है ताकि वे विधानसभा ना जा पाएं।

# अमेरिकी युद्धपोत पहुंचा ताइवान चीन ने जारी किया हाई अलर्ट

**ताइपे/बीजिंग (हि.स.)।** ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताइवान के समीप चीन के जबर्दस्त युद्धाभ्यास के बीच अमेरिकी युद्धपोत मिलियस ताइवान जलडमरूमध्य पहुंच गया है। इसे लेकर चीन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन लगातार आमने-सामने आ रहे हैं। हाल ही में चीन ने ताइवान की सीमा पर जोरदार युद्धाभ्यास शुरू किया था। तब ताइवान के साथ अमेरिका ने भी चीन की आलोचना की थी। अब चीन के युद्धाभ्यास के बीच में ही अमेरिका ने भी अपने युद्धपोत 'मिलियस' को ताइवान जलडमरूमध्य में भेज दिया है। चीन का कहना है कि ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से अमेरिकी युद्धपोत को ट्रैक किया गया है। ये युद्धपोत उस समय ताइवान जलडमरूमध्य में पहुंचा है, जब चीन ने स्व-शासित ताइवान को घेरकर रखा हुआ है। चीन ने इस मामले में हाई अलर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर ताइवान के क्षेत्र में अमेरिका आता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस मसले पर अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े का कहना है कि अमेरिकी युद्धपोत का ताइवान जलडमरूमध्य पहुंचना सामान्य प्रक्रिया है।
यह नियमित अभियान का हिस्सा है। ये युद्धपोत जलडमरूमध्य में एक गलियारे से होकर गुजरा है, जो किसी भी तटीय राज्य के क्षेत्रीय समुद्र से परे है। इस बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन लगातार युद्धभ्यास कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में ताइवान के आसपास 18 चीनी सैन्य विमानों और चार नौसैनिक जहाजों को देखा गया है। चीन लगातार ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए कोशिश कर रहा है।

# देश में तेजी से बढ़ रहा कोरोना मरीजों की संख्या 60 हजार के पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,111 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,48,27,226 हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 पर पहुंच गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, गुजरात में छह, उत्तर प्रदेश में चार, दिल्ली तथा राजस्थान में तीन-तीन, महाराष्ट्र में दो और बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल तथा तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,31,141 हो गई।वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में तीन नाम और जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 8.40 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.94 प्रतिशत है। देश में अभी 60,313 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 फीसदी है। भारत में अभी तक कुल 4,42,35,772 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।
चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।



## वाणिज्य की खबरें

### मारुति सुजुकी का मिनी ट्रक सुपर कैरी लॉन्च, शुरूआती कीमत 5.15 लाख रुपये

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपने हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी को लॉन्च किया है। मारुति का यह अपग्रेडेड मिनी ट्रक पेट्रोल और सीएनजी दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 5.15 लाख रुपये से 6.30 लाख रुपये के बीच रखी गई है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी को पेट्रोल और सीएनजी वेरिएंट में लॉन्च किया गया है। मारुति के मुताबिक 1.2 लीटर वाले पेट्रोल संस्करण की कीमत 5.15 से 5.30 लाख रुपये और सीएनजी संस्करण की कीमत 6.15 से 6.30 लाख रुपये के बीच है। मारुति ने कहा कि इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम के साथ सुपर कैरी मिनी ट्रक की सेफ्टी को पहले से बेहतर किया गया है। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा कि नए वाणिज्यिक वाहन को लेकर हमें भरोसा है कि यह हमारे वाणिज्यिक ग्राहकों और उनके साझेदारों की सफलता में आदर्श सहयोगी साबित होगा। एमएसआईएल ने इस वाहन को सबसे पहले वर्ष 2016 में बाजार में उतारा था, तब से 1.5 लाख से अधिक हल्के वाणिज्यिक वाहन की बिक्री हो चुकी है।

### थोक महंगाई दर घटकर 29 महीनों के निचले स्तर 1.34 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में बड़ी गिरावट आई है। मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 29 महीनों के निचले स्तर 1.34 फीसदी पर आ गई है। फरवरी में यह 3.85 फीसदी और जनवरी में 4.73 फीसदी पर रही थी। हालांकि मार्च, 2022 में थोक महंगाई दर 14.62 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 1.34 फीसदी रही है। डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर में ये गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में कमी की वजह से आई है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की महंगाई मार्च महीने में बढ़कर 5.48 फीसदी पर पहुंच गई है, जो फरवरी में 3.81 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक गेहूं और दालों की थोक महंगाई मार्च महीने में क्रमशः 9.16 फीसदी और 3.03 फीसदी रही है। सब्जियों की महंगाई दर 2.22 फीसदी रही है, जबकि तिलहन की थोक महंगाई मार्च में 15.05 फीसदी रही है। हालांकि, ईंधन और पावर की थोक महंगाई दर मार्च में घटकर 8.96 फीसदी पर आ गई है, जबकि फरवरी महीने में यह 14.82 फीसदी रही थी।

### कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल पर पर उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.07 डॉलर और 0.08 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 86.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.06 डॉलर और 0.07 फीसदी लुढ़कर 82.46 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### यर बाजार की बढ़त पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 520 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 9 कारोबारी सत्र की तेजी पर ब्रेक लग गया। इस हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 520.25 अंक यानी 0.86 फीसदी लुढ़कर 59,910.75 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 121.15 अंक यानी 0.68 फीसदी की गिरावट के साथ 17,706.85 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत में आज शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल देखने को मिला। लाल निशान पर खुलने के बाद शेयर बाजार में बिवकाली बढ़ने से एक समय सेंसेक्स एक हजार अंक तक टूट गया था। हालांकि, बाद में रिकवरी करते हुए यह 59,910.75 अंक पर बंद होने में सफल रहा। कारोबार के दौरान इंफोसिस का शेयर 15 फीसदी तक टूट गया, जिसके चलते निवेशकों को करीब 58 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

## राहुल ने भाजपा व आरएसएस पर साधा निशाना, कहा
# मोदी देश में शीघ्र जाति जनगणना करायें

एजेंसी



**बीदर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सत्तारूढ़ दल और आरएसएस पर भारत में लोकतंत्र पर हमला करने का आरोप लगाया। चुनावी राज्य कर्नाटक के भालकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर हम देश में ओबीसी को आगे ले जाना चाहते हैं और उन्हें उनका अधिकार दिलाना चाहते हैं तो सबसे पहला कदम प्रधानमंत्री का ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करना होगा।उन्होंने कहा कि पीएम ऐसा कभी नहीं करेंगे क्योंकि वह ओबीसी का कल्याण नहीं चाहते हैं। कांग्रेस मौका मिलते ही ऐसा कर लेगी। राहुल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की बात अगर किसी ने पहली बार की और उसे रास्ता दिखाया तो वो बसवन्ना जी थे। दुख की बात है कि आज आरएसएस और बीजेपी के लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। बसवन्ना जी की सभी की भागीदारी, सभी के लिए एक जगह और सभी को एक साथ आगे बढ़ने की सोच पर भाजपा और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वे भारत में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार चलाती है। इस बीच, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। शेट्टार सोमवार सुबह बेंगलुरु में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। पार्टी में उनका प्रवेश कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया की उपस्थिति में हुआ।

## नेपाल ने तीन विमान खरीदने की बढ़ाई प्रक्रिया, पांच चीनी विमान को बेचने की तैयारी

एजेंसी

**काठमांडू।** घरेलू उड़ानों के लिए चीनी विमानों का आयात कर अरबों का घाटा झेल चुकी नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन तीन विमान खरीदने जा रही है। कॉरपोरेशन ने आज सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि वह घरेलू उड़ानों के लिए तीन छोटे जहाज खरीदेगा। नेपाल वायु सेवा निगम के प्रवक्ता रमेश पौडेल के अनुसार जहाजों की खरीद की कार्ययोजना को बढ़ाने के लिए एक उपसमिति का गठन किया गया है और इस पर काम शुरू हो चुका है। हालांकि निगम ने यह तय नहीं किया है कि किस कंपनी से खरीदारी करनी है, वह इस बार पारदर्शी तरीके से खरीदारी करेगी। इससे पहले, घरेलू उड़ानों के लिए चीन से आयात किए गए 6 विमानों के ग्राउंडेड होने और नेपाल का आसमान प्रतिकूल होने के बाद नेपाल ने नए विमानों की खरीद बढ़ा दी थी। उन विमानों को वर्ष 2014, 2017 और 2018 में नेपाल लाया गया था। पायलटों, स्पेयर पाट्र्स और इंजीनियरों की कमी के कारण यह वर्ष 2020 से अरबों का नुकसान झेलने के बाद से ग्राउंडेड है। 6 में से एक विमान हादसे का शिकार हो गया और निगम ने बाकी पांच विमानों को बेचने की प्रक्रिया तेज कर दी है।
4 चीनी विमान 6.67 अरब नेपाली रुपये में खरीदे गए थे, जबकि 2 विमान चीन द्वारा सब्सिडी के रूप में दिए गए है। हालांकि, विमान संचालन में 600 मिलियन का वार्षिक घाटा होने के बाद इसे बंद कर दिया गया था।




# शहनाज ने पलक तिवारी के बयान को बताया झूठा





किसी का भाई किसी की जान की दूसरी हीरोइन शहनाज गिल ने अब पलक के इस बयान को गलत बताया है। बिग बॉस फेम एक्ट्रेस हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के लिए मीडिया से मुखातिब हुईं। बातचीत में जब उनसे सलमान खान के इस नियम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे बकवास करार दिया। शहनाज गिल ने बातचीत में बताया कि उन्होंने प्रमोशन के दौरान बेहद बोल्ड ड्रेसेस पहने हैं और सलमान खान ने उन्हें मोटीवेट भी किया। पलक के बयान को बेबुनियाद बताते हुए शहनाज ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है, प्रमोशन के दौरान मैं तो बोल्ड ड्रेसेस पहनती थी। सलमान सर मुझे मोटीवेट करते थे और कहते थे कि तुम अपने करियर में बहुत आगे जाओगी शहनाज गिल ने सलमान खान संग काम करने के अपने अनुभव को भी शेयर किया। उन्होंने कहा, वो जैसे बिग बॉस में थे, रियल लाइफ में भी वैसे ही हैं। मैंने तो उनके अंदर कोई बदलाव नहीं देखा। वो दूसरों को अच्छी सलाह देते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने मुझसे भी कहा कि मैं अपने काम पर ध्यान दूं। मैं वही कर रही हूं और हिंदी सीख रही हूं।

## गंगटोक की बर्फीली पहाड़ियों पर मैगी खाती नजर आई निया

निया शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्हें सिक्किम गंगटोक में बर्फ से ढके पहाड़ों पर वेकेशन एन्जॉय करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में वह मैगी भी खाती हुई नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह डांस भी कर रही है। वह पहाड़ों का आनंद ले रही है। निया शर्मा ने क्रॉप टॉप और स्टाइलिश जैकेट पहन रखी है। इसके अलावा उन्होंने शूज पहन रखे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर का गॉगल लगा रखा है। उनके बाल खुले हुए हैं और वह बूट पहनकर डांस करती हुई नजर आ रही है। वीडियो शेयर करते हुए निया शर्मा ने लिखा है, गंगटोक की खूबसूरत वादियों में, यह मेरे साथ जीवन भर रहेगा। सिक्किम, मुझे खुशी है कि मैं यहां आई।

